दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



एकता के साथ स्पेशल बॉन्ड........

अदा फिल्म के लिए जंगल में बिताया समय......

वर्ष : 10 | अंक : 81 | लखनऊ, 29 फरवरी, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,304.88

निफ्टी 21,951

## अबकी बार... 400 पार : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 करोड़ से अधिक किसानों को 21 हजार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की और साथ ही महाराष्ट्र में रेल, सड़क और सिंचाई से संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैं 10 साल पहले जब चाय पर चर्चा करने यवतमाल आया था, तो आपने बहुत आशीर्वाद दिया और देश की जनता ने ठऊअ को 300 पार पहुंचा दिया। फिर मैं 2019 में फरवरी के महीने में ही यवतमाल आया था। तब भी आपने हम पर खूब प्रेम बरसाया। देश ने भी तब ठऊअ को 350 पार करा दिया। आज जब 2024 के चुनाव से पहले मैं विकास के उत्सव में शामिल होने आया हूं, तब पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है। अबकी बार... 400 पार !

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम देश बनाने के लिए, देशवासियों का जीवन बदलने के लिए एक मिशन लेकर निकले हुए लोग हैं। इसलिए बीते 10 वर्ष में जो कुछ किया, वो आने वाले 25 वर्ष की नींव है। मैंने भारत के कोने-कोने को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए शरीर का कण-कण, जीवन का क्षण-क्षण समर्पित है। उन्होंने जौर देते हुए कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए चार सबसे बड़ी प्राथमिकता है- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। ये चारों सशक्त हो गए, तो हर समाज, हर वर्ग, देश का हर परिवार सशक्त हो जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप याद कीजिए, ये जो इंडी गठबंधन है, इसकी जब केंद्र में सरकार थी तब क्या स्थिति थी? तब तो कृषि मंत्री भी यहीं महाराष्ट्र से ही थे। उस समय दिल्ली से विदर्भ के किसानों के नाम पर पैकेज घोषित होता था और उसे बीच में ही लूट लिया जाता था। गांव, गरीब, किसान, आदिवासी को कुछ नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि आज देखिए, मैंने एक बटन दबाया और देखते ही देखते, पीएम किसान सम्मान निधि के 21 हजार करोड़ रुपये देश के करोड़ों किसानों के खाते में पहुंच गए। यही तो मोदी की गारंटी है।

मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब दिल्ली से 1 रुपया निकलता था, 15 पैसा पहुंचता था। अगर कांग्रेस की सरकार होती, तो आज जो आपको 21 हजार करोड़ रुपये मिले हैं, उसमें से 18 हजार करोड़ रुपये बीच में ही लूट लिए जाते। लेकिन अब भाजपा सरकार में गरीब का पूरा पैसा, गरीब को मिल रहा है। मोदी की गारंटी है- हर लाभार्थी को पूरा हक, पाई-पाई बैंक खाते में। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए गांव की अर्थव्यवस्था का सशक्त होना बहुत जरूरी है। इसलिए बीते 10 वर्षों में हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि गांव में रहने वाले हर परिवार की परेशानियों को दूर करें, उन्हें आर्थिक संबल दें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक देश के गांव में 100 में से लगभग 15 परिवार ही ऐसे थे जिनके घर पाइप से पानी आता था। इनमें से अधिकतर गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी ही थे। ये हमारी माताओं-बहनों के लिए बहुत बड़ा संकट था। इस स्थिति से माताओं-बहनों को बाहर निकालने के लिए ही लाल किले से मोदी ने हर घर जल की गारंटी दी थी। 4-5 साल के भीतर ही आज हर 100 में से 75 ग्रामीण परिवारों तक पाइप से पानी पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी ने पूछा है, उनको पूजा है। विश्वकर्मा साथियों के लिए, बलुतेदार समुदायों के कारीगरों के लिए, कभी कोई बड़ी योजना नहीं बनी। मोदी ने पहली बार 13 हजार करोड़ रुपये की पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है।

## एनसीबी, नौसेना, गुजरात पुलिस ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की: गृह मंत्री अमित शाह



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की।

शाह ने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मादक पदार्थ मुक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप एजेंसियों ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

शाह ने कहा, एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की है। यह ऐतिहासिक सफलता हमारे देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने के दिशा में हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इस अवसर पर मैं एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई देता हूं।

### संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री खट्टर ने झज्जर में पुलिस आयुक्तालय बनाने की घोषणा की

नई दिल्ली, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को झज्जर जिले के लिए एक पुलिस आयुक्तालय स्थापित करने की घोषणा की, जो राज्य में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का चौथा पुलिस आयुक्तालय होगा। राज्य विधानसभा में घोषणा करते हुए, खट्टर ने कहा कि एनसीआर में आने वाले हरियाणा के तीन जिलों- फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत में पुलिस आयुक्तालय पहले ही स्थापित किया जा चुके हैं। बजट अनुमानों पर चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं घोषणा करता हूं कि झज्जर जिले के लिए भी पुलिस आयुक्तालय बनाया जाएगा। झज्जर में कमिश्नरी बनाने की घोषणा रविवार को झज्जर के बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के ठीक बाद हुई है। राठी की हत्या के बाद विपक्षी दल कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साध रहे हैं।

### एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के मादक पदार्थों के साथ ईरानी नौका को रोका गया

नई दिल्ली, गुजरात के आतंकवादी रोधी दस्ते ने भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ संयुक्त अभियान में मंगलवार को राज्य के तटीय क्षेत्र में एक ईरानी नौका को रोका और उसके चालक दल के चार ईरानी सदस्यों को हिरासत में लिया जो कथित तौर पर एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की चरस और अन्य मादक पदार्थ ले जा रहे थे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुजरात एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मादक पदार्थ की वास्तविक मात्रा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि समुद्र में संचालित अभियान के दौरान नौका से चरस समेत अनेक तरह के मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की गई है। नौका को तट की तरफ लाया जा रहा है और उसके बुधवार को पोरबंदर पहुंचने की उम्मीद है।

## मुजफ्फरनगर में प्रेम विवाह को लेकर झड़प में दो लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर जिले के खतौली क्षेत्र में कथित तौर पर प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प के दौरान गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार शाम फुलत गांव की है और दोनों पक्ष एक ही जाति के हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान अंकित और रोहित के रूप में हुई है और हरिमोहन तथा राहुल को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि अंकित ने हरिमोहन की बेटी से उसके परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी। सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम अंकित और हरिमोहन के बीच इसी बात को लेकर विवाद हो गया और दोनों पक्षों की ओर से गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि राजू, मोनू तथा गोवर्धन के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और गांव में पुलिस बल तैनात है।

## सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं मांग रहे तीसरा कार्यकाल : राजनाथ

हम जो कहते हैं, वो करते हैं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज बिहार के दौरे पर हैं। बिहार के दरभंगा और सीतामढ़ी में उन्होंने अलग-अलग सभाओं को संबोधित किया। दरभंगा में उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री को मौका दीजिए, तीसरा ही नहीं चौथा कार्यकाल भी देने का संकल्प लीजिए, हम गरीबी और बेरोजगारी का संकट खत्म कर देंगे। हमारा चरित्र है कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए तीसरा कार्यकाल मांग रहे हैं। पीएम मोदी से पहले हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी लेकिन हमारी सरकार की नीतियों के कारण देश अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

राजनाथ ने कहा कि अभी आपने देखा होगा कि जिन भारतीय पूर्व नौसैनिकों को कतर की अदालत में फाँसी को सजा सुनाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्रीजी ने बात करके उनकी फाँसी की सजा माफ कराई। यह है हमारा भारत। उन्होंने कहा कि कपूरी ठाकुर को भारत रत्न हम लोगों ने दिया। कांग्रेस के समय में उनकी उपेक्षा हुई। उनके समय में एक परिवार को ही यह सब मिलता था। हमारे प्रधानमंत्री जी ने पी वी नरसिम्हाराव जी को भी भारत रत्न दिया, जो कांग्रेस के नेता थे। हमने उनके योगदान का सम्मान किया है।

सीतामढ़ी में राजनाथ ने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन चल रहा था तो कारसेवकों के एक जत्थे का नेतृत्व मैंने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किया था। मुझे इस आंदोलन के लिए जेल भी जाना पड़ा था। आज अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो वे कहते थे कि गरीबी हटायेंगे। मगर गरीबी नहीं हटी। जबकि मोदीजी के नेतृत्व में दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह मैं नहीं बल्कि नीति आयोग कह रहा है, कई फर्म्स कह रही हैं। भाषण देकर गरीबी नहीं समाप्त की जा सकती।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब मैं डिफेंस मिनिस्टर बना था तो भारत से करीब एक हजार करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात होता था। उन्होंने कहा कि अब वह बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का रक्षा उत्पादन देश में हो रहा है। बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम में पूजा की। इस मंदिर के बारे में माना जाता है कि राजा जनक को इसी स्थान पर देवी सीता मिली थीं। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता बढ़ रही है, कोई क्षेत्र नहीं बचेगा जहां (भाजपा का चुनाव चिन्ह) कमल नहीं खिलेगा।

## देश को धोखे में रखा...सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को क्यों फटकारा?

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को बीमारियों के इलाज के लिए उत्पादों का विज्ञापन या ब्रांडिंग करने से रोक दिया। इसने कंपनी के खिलाफ कई तीखी टिप्पणियाँ भी कीं, जिसकी स्थापना योग गुरु बाबा रामदेव ने की थी। कोर्ट ने पतंजलि और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कंपनी और उसके अधिकारियों को दवा की किसी भी प्रणाली के खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह से मीडिया में किसी भी रूप में बयान देने के प्रति आगाह किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोप लगाया कि कंपनी एलोपैथिक चिकित्सा के खिलाफ बदनामी का अभियान चला रही है, अदालत ने कहा कि पूरे देश को धोखा दिया गया है।

शीर्ष अदालत के नवंबर के आदेश के बाद विज्ञापनों के प्रकाशन पर उसने कहा कि कंपनी ने उसके आदेश का उल्लंघन किया है। आपमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी इस विज्ञापन को लाने का साहस और हिम्मत है... हम एक बहुत सख्त आदेश पारित करने जा रहे हैं। आप अदालत को लुभा रहे हैं। आईएमए के वकील ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद अभी भी अपनी दवाओं पर गलत दावे और गलत बयानी कर रहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया उसने पतंजलि आयुर्वेद को अपने आदेश का उल्लंघन करते पाया है। अदालत ने कहा कि आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कुछ भी कर सकते हैं। इन विज्ञापनों को देखकर हमें यही पता चलता है। तथ्य यह है कि आप लोगों को 'स्थायी राहत' के रूप में अपना उत्पाद बेच रहे हैं। यह अपने आप में भ्रामक है और नियमों का उल्लंघन है।

जब पतंजलि के वकील ने अदालत द्वारा कंपनी को विज्ञापन जारी करने से रोकने पर आपत्ति जताई, तो अदालत ने कहा कि आम, भोले-भाले लोग इसमें शामिल हैं। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आपने हमारे आदेशों का उल्लंघन किया है। जिस तरह से आपने मामले को आगे बढ़ाया है और आगे बढ़ा रहे हैं, उससे हम संतुष्ट नहीं हैं। यह तुरंत रुकना चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षाबलों ने मंगलवार को एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर संयुक्त अभियान चलाया। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के अयाथमुल्ला क्षेत्र के बागों में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारी ने कहा कि ठिकाने से एक यूबीजीएल यानी ग्रेनेड लांचर, सात यूबीजीएल ग्रेनेड, 95 कारतूस और एक बैग जब्त किया गया।

## हथियारों की दुनिया में छाने लगा मेड इन इंडिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हथियारों के निर्यात के मामले में भारत 'आत्मनिर्भर' बन रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत दुनिया के शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों की सूची में शामिल हो गया है। सिंह ने कहा कि यह प्रशासन आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए हथियारों के आयात को रोकने वाला पहला प्रशासन है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारी सेना स्वदेशी संसाधनों का उपयोग करे और हमने इन हथियारों और उपकरणों के निर्यात के लिए एक कदम भी आगे बढ़ाया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हथियारों के बढ़ते निर्यात के लिए सरकार को अपने आरामदायक क्षेत्र से बाहर निकलने की जरूरत है। पहले भारत को हथियार आयातक के रूप में जाना जाता था। लेकिन आज, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम अपने आराम क्षेत्र से बाहर आ गए हैं और शीर्ष -25 हथियार निर्यातक देशों की सूची में जगह बना ली है। इसका उद्देश्य अगले पांच वर्षों में भारत में एयरो-इंजन और गैस टर्बाइन जैसी उच्च-स्तरीय प्रणालियों का निर्माण करना है। लेकिन भारत शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों की सूची में कैसे शामिल हुआ? आइए इस पर नजदीक से नजर डालते हैं।

### 25 हथियार निर्यातकों की सूची में कैसे शामिल हुआ भारत?

2022-23 वित्तीय वर्ष में भारत का हथियार निर्यात 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह 2013-2024 वित्तीय वर्ष की तुलना में 2,300 प्रतिशत की भारी वृद्धि है, जब यह आंकड़ा मामूली 686 करोड़ रुपये था। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपये, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपये और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपये के सैन्य उपकरण निर्यात किए। 2017-18 में यह आंकड़ा 4,682 करोड़ रुपये था। वर्तमान में 100 से अधिक कंपनियां 85 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रही हैं। अब, आइए उन कुछ हथियारों पर नजर डालें जिन्हें भारत दुनिया भर में निर्यात कर रहा है। हालाँकि रणनीतिक कारणों से उपकरण प्राप्त करने वाले देशों के नाम का खुलासा नहीं किया जा सकता है, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत जिन प्रमुख प्रणालियों का निर्यात कर रहा है उनमें शामिल हैं:

### आत्मनिर्भरता की ओर रणनीतिक बदलाव

भारत की विदेशी देशों पर रक्षा पर निर्भरता काफी कम हो गई है। आउटलेट ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि दिसंबर 2022 तक, अन्य देशों के उपकरणों पर खर्च 2018-2019 की तुलना में 46 प्रतिशत कम था। मंत्रालय ने कहा कि यह विकास आत्मनिर्भरता और स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दशार्ता है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सुधार लाए हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार से झारखंड, ओडिशा के चार दिवसीय दौरे पर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार से झारखंड और ओडिशा की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगी। राष्ट्रपति भवन ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति बुधवार को रांची में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

मुर्मू इसी दिन ओडिशा के रायरंगपुर में केंद्र सरकार के हॉलिडे होम की आधारशिला रखेंगी। राष्ट्रपति भवन द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, इस अवसर पर वह वर्चुअल तौर पर रायरंगपुर में विभिन्न सड़क परियोजनाओं और एक खेल परिसर की आधारशिला भी रखेंगी। इसके साथ ही वह बरसाही में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन भी करेंगी। इसके साथ ही वह राज्य में कई कार्यकर्मों में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति 29 फरवरी को क्योंझर के गोनासिका में कदलीबाड़ी गांव के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। मुर्मू शाम को भुवनेश्वर में उत्कल विश्वविद्यालय के 53वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति एक मार्च को भांजा बिहार में बरहामपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। दो मार्च को वह ओडिशा के संबलपुर जिले में संथा कबी भीमा भोई से संबंधित विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगी। वह संबलपुर के मिनी स्टेडियम में महिमा पंथ के अनुयायियों से भी मिलेंगी।

## तृणमूल कांग्रेस को शाहजहां शेख के ठिकाने की पूरी जानकारी : निर्मला सीतारमण

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार को तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख के ठिकाने की पूरी जानकारी है क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी ने सात दिन के अंदर उनकी गिरफ्तारी की घोषणा की थी।

तृणमूल कांग्रेस के शासन में राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाते हुए सीतारमण ने कहा कि वह उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में अपराध और यौन उत्पीड़न की घटनाओं से दुखी हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राजनीति के लिए गरीबों को केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभों से वंचित कर रही है। सीतारमण ने यह दावा भी किया कि खराब कानून और व्यवस्था की स्थिति और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे तृणमूल कांग्रेस की सरकार में राज्य को अलग पहचान दिला रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में लगातार रहीं राज्य सरकारों पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए, सीतारमण ने कहा कि सिंडिकेटेड अपराध और जबरन वसूली की संस्कृति राज्य का पर्याय बन गई है। केंद्र सरकार पर बंगाल के मनरेगा के बकाया धन रोकने के तृणमूल कांग्रेस के आरोपों पर सीतारमण ने कहा कि जब 25 लाख फर्जी रोजगार कार्ड धारक हैं तो केंद्र धन कैसे जारी कर सकता है। उन्होंने कहा, यह सार्वजनिक धन है, निजी संपत्ति नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ह्लपूर्वी भारत को देश का विकास इंजनह्व बनाने की दिशा में काम कर रही है। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की कई योजनाओं को तत्परता से लागू किया जाना चाहिए ताकि किसानों और मछुआरों को उनसे लाभ हो।

## बंद मकान को चोरो ने लाखो रुपए के कीमती जेवर किये चोरी

लखनऊ , कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरो ने एक बंद मकान में घुस तीन आलमारियों का लॉक तोड़ कीमती ज्वैलरी चोरी कर लिए घर में चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे लिखित शिकायत कर ऑनलाइन चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी में नितिन चोपड़ा पुत्र नरेश कुमार चोपडा अपने परिवार के साथ रहते है पीड़ित के अनुसार वह बीते 26 जनवरी को अपने परिवार के साथ हरिद्वार गए थे और 31 जनवरी की वापस अपने घर लौटे तो देखा की घर के कमरों में लगे इंटर लॉक खुले हुए थे पीड़ित के अनुसार कमरों में जाकर देखा तो घर में रखे तीनो आलमारी का लॉक टुटा था और आलमारी में रखा कीमती जेवर और नगदी गायब था जिसपर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे शिकायत कर ऑनलाइन चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है पीड़ित के अनुसार चोरो ने उनके घर की आलमारी से करीब दस लाख कीमत के जेवर एवं दस हजार रुपए नगदी चोरी किया है

# लक्ष्मण टीले पर मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**कोर्ट ने कहा, लक्ष्मण टीला प्रकरण सुनवाई योग्य**

**सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की निगरानी याचिका खारिज**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। गोमती नदी के किनारे लक्ष्मण टीला स्थित शेष नागेश टीलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की मांग को लेकर दायर सिविल वाद की पोषणीयता के आदेश को चुनौती देने वाली सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की निगरानी याचिका को अपर जिला जज नरेंद्र कुमार ने खारिज करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन साउथ के 6 सितंबर 2023 के आदेश को सही बताते हुए पुष्टि कर दी है।

जूनियर डिवीजन साउथ की अदालत में सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव नृपेंद्र पांडे, अनीता देवी, धीरेंद्र सिंह, मोहित कुमार सक्सेना, अभिषेक मिश्रा, रवि कुमार राय, सर्वेश कुमार एवं वैभव सिंह नायक ने सिविल वाद दायर कर आरोप लगाया था कि वह लक्ष्मण टीला स्थित लॉर्ड नागेश टीलेश्वर महादेव मंदिर स्थल पर हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए गए थे। तब वहां पुलिस एवं जिला प्रशासन के अलावा कथित टीले वाली मस्जिद के इमाम ने आपत्ति की थी। पूजा अर्चना की मांग को लेकर नृपेंद्र मिश्रा सहित अन्य याचीगणों की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन साउथ की अदालत में 31 मई 2022 को सिविल वाद दायर किया गया था। इस वाद को सिविल जज जूनियर डिवीजन साउथ पीयूष भारती ने 15 फरवरी 2023 को सुनवाई योग्य मानते हुए विपक्षी यूनियन ऑफ इंडिया, राज्य सरकार ,भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर एवं सुन्नी सेंट्रल वक़्फ बोर्ड के मौलाना अब्दुल मन्नान को नोटिस जारी की थी। अदालत ने इस मामले को सुनवाई के लिए 15 मार्च की तिथि नियत की थी।

नोटिस जारी किए जाने के बाद सुन्नी सेंट्रल वर्क बोर्ड की ओर से मौलाना कारी सैय्यद शाह फजलुल मन्नान इमाम मुल्तवी एवं सज्जाद नशीन वक़्फ मस्जिद टीलाशाह पीर मोहम्मद की ओर से आपत्ति दाखिल कर वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए वाद को खारिज किए जाने की मांग की थी। परंतु अदालत ने सुन्नी सेंट्रल वर्क बोर्ड की ओर से दाखिल आपत्ति को 6 सितंबर 2023 को खारिज कर दिया था। सुन्नी सेंट्रल वक़्फ बोर्ड की ओर से 6 सितंबर 2023 के आदेश को सिविल निगरानी याचिका के माध्यम से जिला जज के समक्ष चुनौती दी गई थी। निगरानी के विरोध में कहा गया था कि टीलेश्वर महादेव मंदिर को विधि विरुद्ध तरीके से तोड़कर वहां पर टीले वाली मस्जिद के नाम से दर्शित करने का प्रयास किया गया है। यह भी कहा गया की निगरानी कर्ता के इस प्रकरण को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी जो खारिज की जा चुकी है। जिसके कारण निगरानी याचिका पोषणीय नहीं है। यह भी कहा गया मस्जिद की दीवार के बाहर शेष नागेश पाताल एवं टीलेश्वर महादेव के अलावा अन्य मंदिर भी मौजूद हैं। अदालत ने निगरानी याचिका को खारिज करते हुए निचली अदालत को आदेश दिया है कि वह मामले की अग्रिम सुनवाई प्रारंभ करें।

## गांवों में सिचाई नलकूप पड़े है खराब, अधिकारी बेपरवाह

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरकार किसानों को बेहतर सिंचाई व्यवस्था देने के लिए संकल्प वद्ध है लेकिन अधिकारी अपनी हरकतों से बाज नही आ रहें हैं गांवों में सिचाई नलकूप खराब पड़े हैं किसी नलकूप की मोटर विभाग के गोदाम में मरम्मत के लिए पड़ी है तो कहीं मोटर नलकूप पर ही खुली पड़ी है लेकिन नलकूप विभाग के अधिकारियों को इसकी जरा सी भी फिक्र नही है। विभाग की इस लापरवाही से किसानों सिंचाई के परेशान होना पड़ रहा है।

सरोजनी नगर विकासखंड के गांवों में जल कल विभाग की लापवाही के कारण किसानों की गेहूं की फसल सूखने की कगार पर है। गांवों में बने सिंचाई नलकूप की व्यवस्था काफी खराब है सरोजनीनगर ब्लॉक के रामदासपुर गाँव में नलकूप संख्या 191 की मोटर मरम्मत के लिए गए आज 15 दिन हो चुके हैं लेकिन मोटर बनकर आज भी नहीं आ पाई है। जिससे यहां पर किसानों की गेहूं की फसल में पानी नहीं लग पा रहा है और फसल सूखने की कगार पर है। वहीं सांसद आदर्श ग्राम बेंती में नलकूप संख्या 283 की मोटर 15 दिन से खराब पड़ी है लेकिन उससे ना तो जेई को कोई सरोकार है और ना ही ऑपरेटर को। विभाग की इस हरकत से किसान बेहद परेशान है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता नलकूप विभाग लखनऊ से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही मोटर उठाकर बनवा दी जाएगी और जो मोटर रामदास पुर गांव की पड़ी है वह एक-दो दिन में बनकर पहुंच जाएगी।

## निचली अदालत में चलेगा टीले वाली मस्जिद का मुकदमा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की टीले वाली मस्जिद में पूजा-पाठ करने की मांग वाली याचिका खारिज करने की मांग ही खारिज हो गई है। एडीजे नरेंद्र कुमार ने निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप से इन्कार करते हुए उसके आदेश को सही माना है। ऐसे में यह मुकदमा निचली अदालत में चलता रहेगा। मामले के वादी नृपेंद्र पांडेय ने सिविल जज की कोर्ट में एक वाद दायर किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि औरंगजेब के कार्यकाल में हिंदू धार्मिक स्थान के रूप में स्थापित लक्ष्मण टीला को ध्वस्त कर दिया गया था और वहां मस्जिद बना दी गई थी। कहा था मंदिर के स्थान को नष्ट कर दिया गया था, लेकिन मस्जिद के दीवार के बाहर शेष नागेश पाताल कूप और शेष नागेश टीलेश्वर महादेव और अन्य मंदिर मौजूद हैं। यहां हिंदू धर्म को मानने वाले लोग पूजा करते हैं।

## पीएम मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त

**अमन लेखनी समाचार**



कार्यक्रम को संबोधित करते एडीओ एजी कृषि

**लखनऊ।** महाराष्ट्र प्रदेश के जनपद यवतमाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना के तहत 16वीं किस्त के रूप में नौ करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 21 हजार करोड़ से अधिक की किसान सम्मान राशि सीधा किसानों के खाते में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की गई है. पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाती है. किसानों के खाते में ये राशि हर 4 महीने के अंतराल में 2-2 हजार रुपये करके 3 किस्तों में भेजी जाती है। इसी क्रम में मलिहाबाद विकासखंड सभागार में बुधवार को कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व कृषि विभाग द्वारा जायद मौसम में उगाई जाने वाली फसलों पर जायद की गोष्ठी का आयोजन किया। मलिहाबाद विकासखंड सभागार में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ तथा कृषि अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों की मौजूदगी में जायद गोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को वैज्ञानिक तरीके से खेती किसानी करने, संतुलित उर्वरकों के उपयोग तथा श्री अन्न तथा जैविक खेती के लाभों के बारे में बताया गया। उल्लेखनीय है कि विकास खण्ड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जय देवी कौशल ने कृषकों का आहवान किया कि कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुसार खेती करें. अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी ने बताया की जायद फसलों के बारे में कृषकों द्वारा जो सुझाव दिये गये हैं किसान भाई उसे खेती किसानी में अपनाकर अपनी आय को दोगुना करें। सलाहकार सुरेश राजपूत ने कहा कि देश का अन्नदाता केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. अखिलेश सिंह अंजू ने कहा कि जायद की फसल के लिए सभी किसानों को समय से बिजली, पानी एवं बीज की उपलब्धता सरकार द्वारा सुनिश्चित कराई जा रही है। सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम के अन्त में 16वीं किश्त की धनराशि प्राप्त होने पर किसानों को बधाई दी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, विमल यादव, खंड तकनीकी सहायक विमल कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

## न्यायिक अधिकारियों को मिलेंगे 21 तरह के भत्ते

**कार्मिक विभाग ने शासनादेश जारी किया**

**अमन लेखनी समाचार२**

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने न्यायिक अधिकारियों को 21 तरीके का भत्ता देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के जरिये इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद कार्मिक विभाग ने शासनादेश भी जारी कर दिया।

राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की ओर से सेवारत न्यायिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों एवं पेंशन भोगियों के लिए की गई संस्तुतियों के आधार पर ये व्यवस्था की गई है। खास बात यह है कि न्यायिक अधिकारियों को इंटरमीडिएट तक अपने दो बच्चों को पढ़ाने के लिए बाल शिक्षा भत्ता दिया जाएगा। भत्ते के रूप में 2250 रुपये और छात्रावास अनुदान के रूप में हर माह 6750 रुपये मिलेगा।

गृह निर्माण अग्रिम भत्ता अतिरिक्त प्रभार भत्ता, वाहन परिवहन भत्ता, महंगाई भत्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही अर्जित अवकाश नगदीकरण, बिजली और जल शुल्क, उच्च योग्यता भत्ता, पहाड़ी क्षेत्र या दुर्गम स्थान पर तैनाती पाने वालों को अतिरिक्त भत्ता दिया जाएगा। यह हर माह 5000 रुपये की दर से दिया जाएगा। घरेलू सेवक या घरेलू सहायक रखने के लिए हर माह 10000 रुपये भत्ता दिया जाएगा।

मकान किराया भत्ता, फर्नीचर और एयर कंडीशन भत्ता, घरों के रखरखाव का भत्ता, अवकाश यात्रा रियायत भत्ता भी दिया जाएगा। इसके अलावा चिकित्सा भत्ता, चिकित्सा सुविधा भत्ता, समाचार पत्र पत्रिका लेने के लिए भत्ता, वस्त्र भत्ता, प्रशासनिक कार्यों के लिए विशेष भत्ता, सत्कार भत्ता, घरों में लगने वाले टेलीफोन मोबाइल के लिए भी भत्ता दिया जाएगा। स्थानांतरण अनुदान भी न्यायिक अधिकारियों को दिया जाएगा।

## बड़ी धूमधाम के साथ कांवडियों का जत्था हुआ रवाना

**आस्था**

**अमन लेखनी समाचार**





लखनऊ। बुधवार को मलिहाबाद क्षेत्र के गांवों से कांवड़ यात्रा धूमधाम से निकली। दर्जनों श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव का करेंगे जलाभिषेक। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कावड़ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मनकौटी से भतोइया गावं तक यात्रा बड़े ही धूमधाम गाजे-बाजे के साथ से निकाली गई। जिसमें बोल बम के जय घोष पर ढोल नगाड़ों पर नाचते गाते और भक्ति गीतों में सराबोर थिरके श्रद्धालु। वही कांवड़ यात्रियों की संख्या भी अधिक रही जिसके चलते मंदिरों में गंगा जल चढ़ाने के लिए भी काफी संख्या में भक्त पहुंचे। इसी क्रम में मलिहाबाद क्षेत्र के मनकौटी व खड़ौहां गांव से दर्जनों की संख्या में भक्त पैदल कांवड़ लेकर उन्नाव जनपद के बिठूर परियर घाट के लिए निकलें वहां से जल भरकर जनपद बाराबंकी के लोधेश्वर मंदिर पहुंच कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। मान्यता है कि कावड़ लेकर भगवान शिव को गंगाजल अर्पित करने से भगवान भक्त की सभी मुराद पूरी करते हैं. कहा जाता है कि जो भी भक्त कंधे पर कांवड़ लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए पैदल यात्रा करता है। उसे अश्वमेध यज्ञ करने जितना फल प्राप्त होता है। इस यात्रा को शुरू करने से पहले श्रद्धालु बांस की लकड़ी के दोनों ओर टिकी हुई टोकरिओं के साथ किसी पवित्र स्थान पर पहुंचते है। और उन्ही टोकरिओं में गंगाजल लेकर लौटते हैं। खड़ौहां गांव में विनय प्रताप सिंह ने कांवड़ियों को फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत कर ने उन्हें रवाना किया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक सवार अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकराया, मौत

**दो साथी गंभीर रूप से चोटिल**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ , आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित ईको गार्डन गेट के निकट मंगलवार देर शाम एक बाइक सवार शटरिंग कारीगर अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकरा गंभीर रूप से चोटिल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने सभी घायलों को चोटिल अवस्था में इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भेजवाया ।जहाँ चिकित्सकों ने बाइक सवार शटरिंग कारीगर को मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दे दिया। वही बाइक पर बैठे मृतक के साथियों का अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है ।मूल रूप से शिवांन जिला महराजगंज बिहार निवासी सुभाष पुत्र रंगीला ने बताया कि उसके परिवार में माँ कान्ति, छोटा भाई संदीप व मृतक विकास ( 22 ) प्रसादी पारा थाना क्षेत्र स्थित प्रसादी खेडा में बहन पुष्पा व बहनोई प्रमोद के साथ रहकर ठेकेदार दिनेश के साथ मटयारी चिनहट में शटरिंग का कार्य कर रहा था। वही मृतक के भाई सुभाष के अनुसार उसका भाई मटयारी चिनहट से काम करने के बाद अपनी बाइक से साथी मजदूर विशाल पुत्र लक्षमन प्रजापति व चुनमुन के साथ घर लौट रहा था और आलमबाग इलाके स्थित ईको गार्डन गेट के निकट डिवाइडर से टकरा गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया जिसे इलाज के लिए स्थानीय आलमबाग पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी लोक बंधु अस्पताल भेजवाया था जहाँ जांच के बाद चिकित्सकों ने उसके भाई विकास को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके भाई के साथी विशाल व चुनमुन का अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार अस्पताल की सूचना पर मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से छुट्टा जानवर चर रहे है किसानों की फसल

**शिकायतों के बावजूद भी बेपरवाह बने हुए हैं बंथरा नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी**

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से इलाके के किसान काफी परेशान हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में छुट्टा घूम रहे तमाम जानवरों से उनकी खड़ी फसल का काफी नुकसान हो रहा है। लेकिन नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी तमाम शिकायतों के बावजूद भी बेपरवाह बने हुए हैं। इस मामले में औरावां गांव के किसान विजय कुमार सिंह ने बताया कि यह छुट्टा जानवर उनके खेतों में खड़ी गेहूं की फसल अब तक 50 फीसदी नष्ट कर चुके हैं। विजय ने बताया कि इसको लेकर कई बार नगर पंचायत बंथरा कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार किसानों ने खुद पकड़कर इन जानवरों को नगर पंचायत कर्मचारियों के हवाले किया। विजय का कहना है कि कई शिकायत करने के बावजूद नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी /कर्मचारी ध्यान नहीं देते। जिससे परेशान होकर बीती 20 फरवरी को सरोजनीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने इसकी शिकायत की थी। जिस पर नगर पंचायत बंथरा को संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारी ने आदेश दिया था कि इन जानवरों को तत्काल पकड़ा जाए। लेकिन इस आदेश के बावजूद भी नगर पंचायत बंथरा कार्यालय के अधिकारियों /कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह कि यह छुट्टा जानवर आए दिन किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद करने में जुटे हैं।

## मदद के नाम पर पडोसी ने पड़ोसी से धोखे से ठगे लाखो रुपए

**पैसा मांगने पर की मारपीट दी धमकी**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक धूर्त पड़ोसी ने अपने पड़ोस में ही रहने वाले पड़ोसी से घनिष्ठा बढ़ा कर अपने मकान को नीलामी से बचाने का वास्ता दे मदद के नाम पर लाखो रुपये धोखाधड़ी से ठग लिए और पैसा वापस मांगने पर घर में घुस मारपीट कर धमकी दे रहे है जिसपर बुजुर्ग ने शिकायत करते हुए अपने पड़ोसी व उसके साथियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के रजनीखण्ड में रहने वाले राजेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र स्व मदन लाल शुक्ला ने पडोसी 5/143 में रहने वाले राधेश्याम वर्मा पुत्र स्व छेड़ालाल पर रुपए हड़पने का आरोप लगा शिकायत की है कि राधेश्याम का मकान पंजाब एन्ड सिंध बैंक से लोन पर है और बैंक की किस्त जमा न कर पाने के कारण 2020 में बैंक ने मकान की नीलामी का नोटिस भेज दिया था अपने मकान को नीलामी से बचाने के लिए पड़ोसी ने पीड़ित बुजुर्ग से मदद की गुहार लगाई थी अपने पडोसी धर्म को निभाते हुए बुजुर्ग राजेंद्र कुमार तेरह लाख पच्चीस हजार रुपया सेठ ट्रेडर्स के नाम से डिमाण्ड ड्राफ्ट अपनी बैंक शाखा पीएनबी के एकाउंट से बनवा कर दिया था और शेष 75 हजार रुपया नगद दिया था जिसपर तय हुआ था कि वह दो माह लोन कराकर पैसा वापस कर देगा अन्यथा मकान उनके नाम पर ट्रांसफर कर देगा और मकान के दस्तावेज बुजुर्ग को सौप दिया इस बीच पडोसी ने अपने जरूरत अनुसार उनसे 90 हजार रुपए और कर्ज के रूप में ले लिए आरोप है कि वर्ष 2022 में उनके छोटे भाई पवन शुक्ला की तबियत काफी खराब हुई जिसके इलाज में काफी महंगा खर्च आ रहा था जिसपर वह अपने पड़ोसी से अपने दिए गए अपने रुपए वापस करने को कहा तो पड़ोसी के नियत में खोट आ गया और टालमटोल करने लगा लेकिन उनका पैसा वापस नहीं किया जिससे वह अपने भाई का इलाज नहीं करा सके और उनके भाई की जनवरी माह में मृत्यु हो गई आरोपी पड़ोसी ने अपने पुत्र शैलेन्द्र एवं अन्य साथियो के साथ मिलकर उनके घर में जबरन घुस गए और गाली गलौज एवं धमकियाँ देते हुए मकान के कागज मांगने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए और बुजुर्ग को और बुजुर्ग के बेटे नवनीत को मारापीटा और मकान के कागज वापस न करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए जिसकी शिकायत बुजुर्ग ने स्थानीय पुलिस से की थी लेकिन पुलिस से कोई मदद नहीं मिला पीड़ित बुजुर्ग ने मामले की शिकायत पुलिस के ऊंच अधिकारियो से की हैं

## जेल से छूटे अपराधी ने प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। जेल से रिहा होकर आए अपराधी ने बुधवार दोपहर बीकेटी के कोटवा गांव में प्रॉपर्टी डीलर आनंद यादव को गोली मारी और चाकू से चेहरे पर हमला किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

बीकेटी के बन्नौर गांव के रहने वाले आनंद यादव बुधवार दोपहर तरुण और नसीम को अजनहर गांव में चल रही प्लाटिंग दिखाने गए थे। आरोप है कि तभी वहां सैरपुर मुबारकपुर गांव निवासी लवकुश यादव सुरेंद्र, रवि रावत समेत दस अज्ञात लोगों संग आया। रुपयों के लेनदेन को लेकर उनका प्रॉपर्टी डीलर से झगड़ा हो गया। आरोपियों ने गांव के बाहर उस पर गोली चला दी। गोली हाथ में लगते ही वे गिर गए। इसके बाद उनके चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से वार किया गया।

### जमानत पर आया था बाहर

प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि फारेंसिक टीम ने मौके से कारतूस के खोखे बरामद किए हैं। मार्च 2023 में लवकुश यादव ने नरेश यादव की हत्या की थी। इस मामले में उसे जेल भेजा गया था। तीन टीमें गठित कर हमलावरों की तलाश की जा रही है। लवकुश जमानत पर बाहर आया है।

### कारोबारी को पीटकर की हवाई फायरिंग

पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी में रियल एस्टेट कारोबारी की प्रॉपर्टी डीलर ने घर में घुसकर लात-घूसों से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, हवाई फायरिंग कर धमकी भी दी गई। मामले में पीजीआई थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मामला रुपयों के विवाद से जुड़ा है। आगे की जांच की जा रही है। अभय प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वृंदावन कॉलोनी में रहते हैं। वह प्रॉपर्टी का काम करते हैं, जबकि रायबरेली के बछरावां निवासी रितेश संपत्ति बिकवाने का काम करता है। आरोप है कि कुछ महीने पहले प्रॉपर्टी डीलर रितेश ने एक जमीन का सौदा कराने के लिए उनसे कमीशन मांगा था। रुपये लेने के बाद जमीन नहीं दिलवाई। रुपये मांगने पर प्रॉपर्टी उनके घर पहुंचा और मारपीट करने लगा। हंगामा बढ़ने पर उसने हवाई फायरिंग कर कॉलोनी में दहशत फैला दी।

## सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सपाईयों की हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ। आगामी 3 मार्च को सरोजनीनगर के शांति नगर स्थित एक लॉन में आयोजित होने वाले सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बुधवार को सपाईयों की एक बैठक किला चौराहे के पास आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए प्रमुख नेताओं के साथ-साथ सभी जोन प्रभारी और पार्षद प्रत्याशियों से अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन से सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की शुरूआत की जाएगी और इसके जरिए मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के संभावित इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आरके चौधरी को जिताने का संकल्प लेकर ही चुनावी मैदान में उतरा जाएगा। इस बैठक में निवर्तमान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, सरोजनीनगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, पार्षद प्रत्याशी बीना रावत, सुनील रावत, केशव रावत, कैप्टन यादव, जलाल अकबर, शशिलेंद्र यादव, शांति यादव, सुरेश पटेल, अवशेष कश्यप, भूपेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू यादव, टुल्लू यादव, सुजीत यादव, राधा रावत, सोनू यादव, आदर्श सिंह, रजनीश सिंह, अजीत यादव, अवधेश मास्टर, आशीष यादव, हरिपाल यादव, रईस अहमद और शौकत अली सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

## रेलवे पास की धोखाधड़ी में यूपी एथलेटिक्स संघ के पूर्व सचिव पर विजिलेंस केस, रेलवे को लगाई लाखों की चपत

लखनऊ, यूपी एथलेटिक्स एसोसिएशन के पूर्व सचिव पीके श्रीवास्तव के खिलाफ रेलवे पास की धोखाधड़ी के मामले में विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज किया है। उन पर रेलवे पास की वैधता समाप्त होने के बाद भी छलपूर्वक कई बार यात्रा करने का आरोप है। शासन के निर्देश पर इस मामले की विजिलेंस ने खुली जांच की थी, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई थी। विजिलेंस ने शासन से इस प्रकरण का मुकदमा दर्ज कर विवेचना की अनुमति मांगी थी।

बता दें कि विजिलेंस की खुली जांच में सामने आया था कि कानपुर निवासी पीके श्रीवास्तव को 13 नवंबर 1995 को प्रथम श्रेणी का रेलवे कार्ड पास जारी किया गया था, जिसकी वैधता एक वर्ष थी। इस पास के जरिए द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित में अकेले यात्रा करने की अनुमति थी। जांच में सामने आया कि पास का दुरुपयोग करके कई बार एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा यात्रा की गयी। इसके अलावा पीके श्रीवास्तव ने पास को निरस्त नहीं कराया और रेलवे बोर्ड को वापस भी नहीं किया। वह पास की वैधता समाप्त होने के बाद उसका खुद ही नवीनीकरण करते रहे और धोखाधड़ी करके वर्ष 2014 तक कुल 306 रेल यात्राएं की। इससे रेल मंत्रालय को 6,03,405 रुपये की वित्तीय क्षति हुई। बता दें कि शासन ने उनके खिलाफ बीती नौ जनवरी को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: 02-DYCEGA-2024**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: गोरखपुर में– उप मुइं/गो.क्षे. के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न कालोनियों में जलापूर्ति के लिये पाइप लाइन का बदलाव। अनुमानित लागत: ₹ 90,57,298.63, बयाने की राशि: ₹ 1,81,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय: 04 माह। कुल योग: ₹ 90,57,298.63

**(1)** ई–निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 21-03-2024 को 11:00 बजे। **(2)** ई–निविदा की बिडिंग तिथि 07-03-2024 से 21-03-2024 समय 10:59 बजे तक। **(3)** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। **(4)** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अंतर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे.,

मुजाधि/डब्लू–556 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## संक्षेप

### सांड के हमले से जख्मी डॉक्टर की इलाज दौरान मौत

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अहिरनखेड़ा गांधीनगर मोहल्ला के रहने वाले डॉक्टर पर एक माह पहले सांड ने हमला कर जख्मी कर दिया था। बुधवार सुबह हालत बिगड़ने पर बेटा अपने जख्मी पिता को लेकर जिला अस्पताल की इमर्जेंसी लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अहिरनखेड़ा गांधी नगर मोहल्ला के रहने वाले वृद्ध सुंदर लाल यादव मगरवारा चौकी अंतर्गत अकरमपुर गांव में निजी क्लीनिक चलते थे। 26 जनवरी की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। तभी घर से थोड़ी दूरी पर सांड से हमला बोल कर देने से घायल हो गए थे। जख्मी होने पर परिजन तब से एक निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे थे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जबाब दे दिया। तब बेटा विकास यादव उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां इमर्जेंसी डॉक्टर मनीष ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद पत्नी प्रेमावती व बेटा विकास तथा पंकज बेहाल हो उठे। जानकारी पर पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है।

### पीएम सम्मान निधि की 16 वी किस्त का दिखाया गया लाइव प्रसारण

सुमेरपुर, उन्नाव। पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन विकासखंड सुमेरपुर के सभागार में बुधवार को किया गयाजिसमें कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया ।कार्यक्रम में राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी अमित कुमार मिश्रा,सहायक अनिल कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर आशू श्रीवास्तव व किसान अनूप कुमार शुक्ला कल्याणपुर प्रथम, चंद्रपाल, संतोष कुमार, संजय शर्मा, अशोक कुमार सिंह, नीरज कुमार दीक्षित, अंशिका, महारानीदीन, दिलीप कुमार, नरेंद्र मोहन, कृष्ण शंकर, सुखलाल, गोकर्ण, अनामिका देवी, सुरजन देवी, मनीष कुमार, पंचम, अशोक कुमार, रमेश कुमार इत्यादि 120-150 किसान मौजूद रहे ।

### रिंग रोड के लिए मृदा परीक्षण करने पहुंची टीम

उन्नाव। तीन जनपदों के बीच करीब 93 किमी. की रिंग रोड बनाई जानी है। रिंग रोड़ गंगा घाट क्षेत्र से भी होकर गुजरेगी। जिसे देखते हुए मृदा परीक्षण करने के लिये एक टीम पहुंची। जहां टीम ने फोरलेन हरिहरपुर मार्ग के किनारे मृदा परीक्षण का कार्य शुरू किया। कार्य शुरू होने पर आस-पास बसे लोगों में हलचल मच गई ।कानपुर देहात, कानपुर नगर और उन्नाव के बीच शासन ने यात्रा सुगम करने के लिए रिंग रोड बनाने का निर्णय लिया है। पूर्व में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के करीब 52 गांवों में सर्वेक्षण कार्य भी किया जा चुका है। बनने वाली रिग रोड में कानपुर-लखनऊ रेल रूट के ऊपर से आरओवी बनाया जाना है। फोरलेन किनारे हरिहरपुर मार्ग के पास चयनित स्थान पर मृदा परीक्षण का करने के लिए कार्यदायी संस्था ने डेरा डाल दिया है ।कार्यदायी संस्था ने जमीन का किया चिह्नांकन पूर्व में ही रिंग रोड बनाने के लिए कार्यदायी संस्था ने इस मार्ग के दोनों तरफ पिलर लगाकर अधिग्रहित होने वाली जमीन का चिह्नांकन किया है। कार्यदायी संस्था ने बताया कि परीक्षण के बाद प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच के बाद कार्य शुरू किया जाएगा।

# निराला प्रेक्षागृह में मनाया गया मिलेटेस रोड शो का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रधानमंत्री के पोषित और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से उन्हीं द्वारा संचालित मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता कार्यक्रम तथा मिलेट्स रोड-शो का आयोजन जनपद निराला प्रेक्षागृह में मनाया गया। इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सदर पंकज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके किया। आयोजन में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, जिला परियोजना अधिकारी , उप कृषि निदेशक डा0 मुकुल तिवारी, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार,उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी विकास किशोर, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के सलाहकार गुलाब चन्द्र गुप्ता, कृषि विज्ञान केन्द्र धौरा के वैज्ञानिक डा जय कुमार,जनपद स्तरीय विषय वस्तु विशेष डा रंजन द्विवेदी एवं जनपद के सभी विकास खण्डों से लगभग 750




किसानों प्रतिभाग किया। मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता कार्यक्रम में जनपद के कृषक उत्पादक संगठन रौतापुर नेचर फार्मिंग कम्पनी द्वारा रागी, ज्वार, बाजरा मक्का का आटा, आवर्त शील कृषक उत्पादन संगठन द्वारा ज्यार, बाजरा मक्का से बने बिस्कुट, उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अन्न के विभिन्न उत्पाद, रामा स्वीट्स आदर्श नगर, रागी का पुआ, रागी का हलवा, सेफ्रान रेस्टोरेंट द्वारा अन्न से निर्मित मिठायां, अवस्थी स्वीट्स द्वारा मिलेट्स सलाद एवं भोला शुद्ध शाकाहार द्वारा बाजरा की खीर, मक्का की खीर, विभिन्न ?प्रकार के अन्न से निर्मित नमकीन एवं अन्य खाने योग्य व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई।

जनपद के नवनिहालो द्वारा अन्न के पोषकता विषय परिचर्चा, स्लोगन प्रतियोगिता, का आयोजन किया। रेसिपी कार्यक्रम के मिलेट्स रोड-शो का आयोजन निराला प्रेक्षागृह से शुरू होकर निराला उद्यान, सिविल लाइंस उन्नाव बस अड्डा छोटा चौराहा होते हुए निराला प्रेक्षागृह पर समाप्त हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कृषकों के खातों में सोलहवीं किस्त भेजें जाने की एवं प्रधानमंत्री का देश के किसानों को उद्बोधन का सजीव प्रसारण कृषकों दिखाया गया। सम्मान निधि भेजें जाने का सजीव प्रसारण जनपद की समस्त न्याय पंचायतों में कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया गया। इसी कार्यक्रम में किसानों की सफलता किसानों की जुबानी के तहत विकास खण्ड मियागंज के कृषक मदन चन्द प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, जीवामृत बीजामृत घन जीवामृत दशपर्णी अर्क आदि स्वयं तैयार करके अपनी फसलों पर कैसे प्रयोग करें के विषय में जानकारी दिये। कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक डा मुकुल तिवारी ने उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों , बच्चों एवं कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

# विद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं ने लगाई प्रदर्शनी

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर, कम्पोजिट, में उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र/छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी के अन्तर्गत 'विज्ञान प्रोजेक्ट/मॉडल प्रस्तुतीकरण' किया गया। श्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण करते हुए प्रथम स्थान कक्षा - 8 के नागेन्द्र ने प्लवन के सिद्धांत,द्वितीय स्थान कक्षा - 8 की आयुषी ने रदरफोर्ड का नाभिकीय मॉडल व तृतीय स्थान कक्षा 6 की अवनी ( सूर्यग्रहण एवं चन्द्र ग्रहण ) ने प्राप्त किया। छात्रा जूली और राम- लक्ष्मी को सांत्वना पुरस्कार मिले। प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सिंह द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन पर पुरस्कृत किया गया।

मलयपुर विद्यालय के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित के दिशा-निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा न्यूनतम व्यय पर कबाड़ से तैयार किए गये दो दर्जन से अधिक मॉडलों का प्रदर्शन व प्रस्तुतीकरण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने बताया कि बच्चों में विज्ञान




विषय के प्रति रूचि उत्पन्न करने एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास उत्पन्न करने के उद्देश्य से विद्यालय में प्रति वर्ष विज्ञान दिवस के आयोजन से छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह बना रहता है जो उन्हें आगे बढ़ने और सीखने में सहायक सिद्ध होता है।

विज्ञान प्रदर्शनी में प्लवन के सिद्धांत छात्र नागेन्द्र, वर्ण विक्षेपण छात्र अशोक,मनुष्य की ऑख छात्र दीपक,सोलर कुकर छात्रा रोमी,ऊर्जा के स्रोत छात्रा राम-लक्ष्मी,प्लास्टिक के प्रकार छात्रा कोमल, प्रकाश के प्रयोग छात्र अंश, वायुदाब छात्र ज्ञानेंद्र,वायु स्थान घेरती है छात्रा जूली, छाया-प्रच्छाया-उपछाया छात्रा स्वाती, सूर्यग्रहण-चन्द्र ग्रहण छात्रा अवनी,मनुष्य के आंतरिक अंग छात्र देवा,मनुष्य के दॉतों के प्रकार छात्र प्रकाश,हृदय की संरचना - छात्र रौनक,चुम्बक के गुण छात्र प्रांशु द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी में अतिथियों एवं छात्रों के सम्मुख विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को प्रतिभागी छात्रों ने स्वयं सिद्ध करके दिखाया। विज्ञान प्रदर्शनी में शिक्षकों मुकेश सचान,आरती यादव, उषा देवी,एवं विनय शंकर का विशेष सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना ने जिला चिकित्सालय की मदद से गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सूर्य शक्ति इकाई डीएसएन कॉलेज उधना के स्वयंसेवकों ने जिला चिकित्सालय के सहयोग से गलगलाहा गांव में एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया शिविर का उद्घाटन गांव के सम्माननीय प्रधान प्रमोद शर्मा ने किया। डॉ राजीव रतन चौहान डॉ रीना चंद्र की टीम ने ग्राम वासियों की शुगर, बी पी चेक किया एवम कुछ को ड्रेसिंग भी की गई। वायरल फीवर और खांसी जुकाम से पीड़ित महिलाएं बुजुर्ग और बच्चों को दवा दी गई। शिविर में लगभग 80 लोगों को दवाई दी गई एवं चेकअप किया गया। बीमार और बुजुर्ग को स्वयंसेवक अपने साथ लेकर आए एवं दवा दिलाने के बाद उनको घर तक पहुंचाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना त्रिवेदी ने एवम ग्राम प्रधान प्रमोद ने जिला चिकित्सालय से आए हुए चिकित्सकों की टीम को धन्यवाद दिया।




# झाड़ियों में मिला महिला का शव हत्या की आंशका

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के त्रिभुवन खेड़ा के पास एक 50 वर्षीय महिलाका झाड़ियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणोंने शव पड़े होने की सूचना गंगाघाट पुलिस को दी। मुंह सेखून निकलता देख लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने महिला के शव को कब्जे मेंलेकर शिनाख्त कराई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बू खेड़ा के रहने वाले रामबाबू निषाद की पत्नी उमा का त्रिभुवन खेड़ा मोड़ के पास एवन ढाबा के पीछेझाड़ियों में शव पड़ा देखा गया। घटना की जानकारी एक ग्रामीण ने पुलिस को दी। सूचना पर गंगाघाट कोतवाली इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति, जाजमऊ चौकी इंचार्ज राजेश सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।झाड़ियों से महिला के मुंह से खून निकला हुआ मिला। जिससे हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने आसपास मौजूद ग्रामीणों से शिनाख्त कराने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव देखा तो रो-रोकर बेहाल होते रहे। परिजन भी स्पष्ट नहीं कर सके कि वह यहां तक कैसे पहुंची। बताया जा रहा है कि महिला किसी बीमारी से भी ग्रसित थी। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## कपड़े में लिपटे भ्रूण को घसीटते मिले आवारा कुत्ते

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पालीथीन को घसीटते आवारा कुत्तों को देख ग्रामीणों ने देखा तो उसमे कई माह का भ्रूण था ग्रामीणों अनुमान लगाया की भूर्ण को एकांत जगह पर किसी ने दफना दिया था ।प्रधान पुत्र हुकुम चंद्र की सूचना पर पहुची पुलिस ने भ्रूण कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गाव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे मंगलवार देर शाम लगभग आठ बजे ग्रामीणों ने गांव के आवारा कुत्तों को गड्ढे से एक पालीथीन घसीटते देखा जब लोगो ने ध्यान दिया तो पालीथिन के अंदर कपड़े से लिपटा लगभग छः माह का भ्रूण था उसे सुरक्षित कर हुकुम चंद्र ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि 9 माह से कम होने के कारण उसे पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम होने के बाद उसे दफना दिया जाएगा।

# महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को वितरण किए गए स्मार्ट फोन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आज नगर स्थित अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपकरण छात्र छात्राओं को स्मार्ट बनाने का काम करेगा। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री कटियार ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने आपको स्मार्ट फोन देकर स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है। जिसके जरिए छात्र छात्राएं एक बटन दबाकर मनचाही शैक्षिक सामग्री प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी तरह से तैयारी कर सकते हैं।




उन्होंने दावा किया कि पूरे विश्व में सबसे अधिक युवावर्ग भारत देश मे है। जिन्हें सरकार स्मार्टफोन उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बना रही है। इसके पूर्व विधायक कटियार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रामनरेश कुशवाहा,प्रमेश चौधरी,जयपाल पटेल, अखिलेश सिंह एवं महाविद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# बाइक सवार युवक ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बाजार जाते समय वृद्ध को बाइक सवार युवक ने म टक्कर,मार जिसे सी एच सी से गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया था जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड दिय सैदपुर थाना अचलगंज निवासी रामस्वरुप रावत 69 वर्ष अपनी ससुराल असोहा में रहते थे, जहां कल दोपहर घर से निकल कर बाजार जा रहे थे तभी वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से थोड़ा आगे ही पहुंचे थे की विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने सीधी टक्कर रामस्वरुप के मार दी जिससे टक्कर लगते ही रामस्वरुप गिर गए जिन्हें कस्बे वासियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया व परिजनों को सूचना दी। गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहा इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतका की पत्नी ने बाइक चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है मृतक अपने पीछे पत्नी नन्हकई व छह पुत्रियां माया, ममता, अनीता, लक्ष्मी, निशा, जिनकी शादियां हो चुकी है। वही छठी पुत्री निशा मंदबुद्धि की है थाना प्रभारी राजबहादुर ने बताया की शिकायती पत्र मिला है प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।




# साइबर हेल्प डेस्क के रूम का किया गया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना परिसर में शासन के निर्देश पर साइबर हेल्प डेस्क के रूम का उद्घाटन किया गया वहीं साइबर हेल्प डेस्क के रूम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के औरास के मंडल अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी ने फीता काट कर किया इस मौके पर थाना प्रभारी रेखा सिंह समेत समस्त पुलिस स्टाप व क्षेत्र के सम्मानित गण मौजूद रहा थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराध से बचने के अनेकों गुर भी बताएं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला विवाहिता का शव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में नव विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे घर के छप्पर से लटके हुए मिलने से गाँव मे सनसनी फैल गई। घर वालो की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरियापुर निवासी ठाकुर प्रसाद की 22 वर्षीय पुत्री निधि का शव बुधवार को घर के छप्पर से दुप्पटे के सहारे संदिध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला। माँ सुनीता अपने बड़े लड़के करन के साथ 27 फरवरी को मैके गयी हुई थी। घर मे छोटा लड़का रमन बकरी का चारा लेने हुए गए था। माँ के वापस लौटने पर घर मे अपनी पुत्री निधि का शव देख बदहवास हो गयी। निधि का विवाह पिछले वर्ष 10 मई को थाना बारासगवर के गाँव चौथाई में श्री धर कोरी के साथ हुआ था। श्री धर मुंबई में रहकर जीवन यापन हेतु मजदूरी करता है ।मृतका इसी 20 जनवरी को अपने मायके आयी हुई थी। घर मे कोई न रहने पर फांसी लगा लेना गाँव मे चर्चा का विषय बना हुआ है। माता सुनीता के तहरीर देने पर स्थानीय थाना बिहार द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण का सन्देश देने में सफल रहा मण्डलीय सरस मेला 2024

- बहराइच महोत्सव महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की रही धूम
- डीएम मोनिका रानी की हौसला अफजाई से समूहों का बढ़ाया उत्साह
- महिला समूहों की आर्थिक आय का साधन बना महोत्सव

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। महिला स्वावलम्बन एवं महिला सशक्तिकरण के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की प्रेरणा से जिला प्रशासन तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में गेंदघर मैदान में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव में मण्डलीय सरस मेला 2024 में जनपद लखनऊ, गोरखपुर, बरेली, बस्ती, आजमगढ़, बिजनौर, सन्तकबीर नगर के अतिरिक्त




देवीपाटन मण्डल के सभी जिलों गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, एवं बहराइच के 43 महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों के स्टाल सजाये गये। बहराइच महोत्सव में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित किये गये उत्पादों चिकनकारी, खादी उत्पाद, पापड़ नमकीन, टेराकोटा, शहद, हैण्डीक्राफ्ट, गोबर से निर्मित दीया, धूपबत्ती, अगरबत्ती व साबुन, बैग, हैण्डीक्राफ्ट, चादर, मसाला, नमकीन, भुजा चना, मोरिंगा पाउडर, त्रिफला, आमला जूस, दूध, घी, पनीर, खोया, लोहे के उत्पाद, श्रीअन्न, अचार, जूट के बैग, पेपर बैग, लैपटाप बैग, टेडी बियर, गेहूँ के डण्ठल से तैयार कलाकृति, अचार, मुरब्बा, आंवला उत्पाद, कैण्डी, चप्पल, झाडू, जैविक खाद, कीटनाशक, गोबर व मिट्टी के उत्पाद, बुके, डिटर्जेन्ट पाउडर, मल्टीग्रेन आटा, चाट स्टाल, दरी एवं गार्मेन्ट ने सभी आयु एवं आय वर्ग के बच्चों, युवक-युवतियो के साथ-साथ व्यस्क व्यक्तियों को आकर्षित करने में सफल रहे। बहराइच महोत्सव में समूहों द्वारा रू. 02 लाख 40 हजार की बिक्री की गई है।

# बंद पड़े सुने घर से चोरों ने पार किया लाखो का माल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का माल पार कर दिया। बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक जब पहुंचे तो उन्होंने परिजनों को फोन करके दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। वापस घर लौटने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित मकान स्वामी ने घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर देने की बात कही है ।शहर के मॉडल बिहार शेखपुर मोहल्ला के रहने वाले अनिल कुमार गुप्ता बीते दिन भतीजी की शादी में शामिल होने पूरे परिवार के साथ सीतापुर गए थे। देर रात हो जाने से घर नहीं लौटे। सुबह सीतापुर एसपी ऑफिस में तैनात दामाद से मिलने परिवार के साथ चले गए। दोपहर बाद अनिल के छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक घर पहुंचे और उन्होंने डोरबेल बजाई ।कोई जब नहीं निकला तो उन्होंने फोन करके अनिल कुमार गुप्त से बातचीत की। अनिल ने पूरे परिवार के साथ सीतापुर में होने की बात उन्हें बताई। उधर से शिक्षक ने बताया कि आपके घर का दरवाजा तो खुला हुआ पड़ा है तब जाकर अनिल को घर में चोरी होने की जानकारी हो सकी। आनन-फानन उन्होंने अन्य परिजनों से बातचीत करके मौके पर पहुंचने की बात कही है।



# साइबर थाना का वर्चुअल कार्यक्रम में सीएम ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रदेश में शुरू हुए 52 जिलों में साइबर थानों के साथ उन्नाव को भी साइबर थाना मिल गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से लोकार्पण कर साइबर थाने का उद्घाटन किया। अब साइबर अपराध से पीड़ित लोगों को थाने-चौकी के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। साइबर थाना खुलने से स्वतंत्र होकर साइबर टीम ठगी के मुकदमे में विवेचना कर सकेगी और अपराधियों को पकड़ा जा सकेगा।

पुलिस लाइन के क्राइम ब्रांच भवन में उद्घाटन के बाद एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने कहा राज्य सरकार की ओर से बड़ी पहल की गई है। इससे साइबर अपराधियों पर नकेल कसने में काफी सहायता मिलेगी। साथ ही आर्थिक अपराध करने वालों को भी पकड़ कर लोगों को न्याय देने में सहायक होगी। अब तक ठगी होने की घटनाओं पर पीड़ितों को थानों मे चक्कर काटने पड़ते थे। संसाधनों की कमी के चलते पूर्ण रूप से कार्रवाई समय से नहीं हो पाती थी। अब साइबर ठगी की घटनाओं को खोलने के लिए थाने की टीम त्वरित कार्रवाई करेगी।

एसपी ने कहा कि आजकल कोई भी परेशानी हो आदमी गूगल सर्च की मदद से उसका हल खोज लेता है, लेकिन क्या आपको पता है कि ऐसा करना आपको कंगाल भी बना सकता है। ऐसे एक नहीं दर्जनों मामलों सामने आ चुके है। इस खतरे से बचने का तरीका भी बताया। आपकी मेहनत की कमाई उड़ाने के लिए साइबर अपराधी कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। ठग बैंक इंश्योरेंस कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी कस्टमर केयर नंबर डाल देते हैं। उनकी वेबसाइट की सेटिंग इतनी मजबूत रहती है कि कई बार गूगल भी मात खा जाता है। सर्च करने पर गूगल असली की बजाय इन नकली कस्टमर केयर वालों का नंबर उपलब्ध करा देता है। तब व्यक्ति ठगी का शिकार हो जाता है।

इस दौरान एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा, प्रेमचन्द्र अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, विजय आनन्द क्षेत्राधिकारी नगर, इंस्पेक्टर अवधेश कुमार, इरशाद त्यागी, अश्वनी मिश्रा, आरआई अब्दुल रशीद समेत अन्य मौजूद रहे।

## चिंतन

# हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना जरूरी

पांच और नए एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के शुरू होने से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी, नए एम्स के क्षेत्र के स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट, बठिंडा, रायबरेली, कल्याणी और मंगलागिरि में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का उद्घाटन किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार कोविड के बाद से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। वर्ष 2020 के बाद से हर आम बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के आवंटन को बढ़ावा दिया गया है। देश में करीब 38 हजार सरकारी स्वास्थ्य सेवा सेंटर हैं, लेकिन इनमें हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। एम्स की ही बात करें, तो अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली को छोड़कर बाकी किसी भी एम्स में दिल्ली स्तर की स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं नहीं हैं। इन्हें और अपग्रेड करने की आवश्यकताएं हैं। पीजीआई स्तर के सरकारी अस्पताल ठीक हालत में हैं, पर अत्यधिक मरीज के चलते अमूमन अव्यवस्था बनी रहती है। जिला सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं है। देश के छोटे-बड़े सरकारी स्वास्थ्य सेवा केंद्र चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों, नॉनमेडिकल स्टाफों की कमी, बिस्तरों, जांच उपकरणों, दवाओं, एंबुलेंस, ऑक्सीजन, रक्त, वेंटिलेटर आदि की कमियों से जूझ रहे हैं। कोविड के पहले स्थिति और भी बदतर थी, पर अब कोविड के बाद थोड़ी ठीक हुई है, पर अभी भी देश के सार्वजनिक अस्पताल संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बहुत पोटेंशियल है। सरकार घरेलू स्तर पर भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकती है और विदेशियों के लिए भी अवसर उपलब्ध करा सकती है। सस्ती व श्रेष्ठ सेवा के चलते भारत में स्वास्थ्य पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। पीएम मोदी के विजन में स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल रहा है, लेकिन अस्पतालों का इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास का नहीं होने के चलते भारत विदेशों से लोगों को स्वास्थ्य पर्यटन के लिए व्यापक स्तर पर आकर्षित नहीं कर पाता है। भारत का फार्मा सेक्टर विशाल है, दुनिया के अधिकांश देशों को दवा की आपूर्ति कर रहा है, इसके बावजूद गुणवत्ता और विश्वसनीयता के मामले में भारत यूरोपीय व अमेरिकी दवा निर्माताओं को पछाड़ नहीं पा रहा है। कोविड के दौरान दो दो स्वदेशी वैक्सीन बना देने के बाद भारतीय फार्मा सेक्टर की थोड़ी साख बढ़ी, फिर भी अभी भी बहुत पीछे है। भारत दवाओं के कच्चे माल (रसायन) के लिए चीन, यूरोप पर निर्भर है। भारत ने विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है, तो देश के अंदर स्वास्थ्य सेवाओं व फार्मा क्षेत्र को भी विश्व स्तर का बनाना होगा। आज देश के अधिकांश मेडिकल कॉलेज शिक्षकों, उपकरणों व लैब में संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, केवल मेडिकल कॉलेज खोल भर देने से मेडिकल शिक्षा नहीं सुधरेगी। ऐसे ही एक से दो दर्जन एम्स खोल भर देने से स्वास्थ्य सेवा नहीं सुधरेगी, उनमें बुनियादी जरूरतों की सतत पूर्ति भी करनी होगी। आयुर्वेद भारत की बड़ी ताकत है, लेकिन जब स्वास्थ्य सेवा की बात आती है, तो आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों या आयुर्वेद अस्पतालों या आयुर्वेद दवाओं को वह मान्यता व बढ़ावा नहीं मिलती है, जिसकी जरूरत है। मॉडर्न मेडिकल के साथ योग, प्राकृतिक चिकित्सा व आयुर्वेद को बढ़ावा देकर सरकार को एक हॉलिस्टिक हेल्थ सिस्टम तैयार करना चाहिए। सरकार को सार्वजनिक हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।

# परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भर होता देश



निजी निवेश

प्रमोद भार्गव

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपये की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए। ये संयंत्र प्रतिवर्ष लगभग 10 .4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। ह पहल ऐसे स्रोतों से बिजली बनाने की मात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो वायुमंडल में प्रदूषण और कार्बनडाड ऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं।

भारत में एक ओर अर्से से अटकी परमाणु बिजली परियोजनाओं में विद्युत का उत्पादन शुरू हो रहा है, वहीं निजी निवेश से परमाणु ऊर्जा बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपये की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए। ये देश के पहले स्वदेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं। ये उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से युक्त हैं। ये संयंत्र प्रतिवर्ष लगभग 10.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे।

दूसरी तरफ भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों से 26 अरब डॉलर का निवेश आमंत्रित किया है। यह पहल ऐसे स्रोतों से बिजली बनाने की मात्रा बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो वायुमंडल में प्रदूषण और तापमान बढ़ाने वाले कार्बनडाड ऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं करते हैं। यह पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाष्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी। वर्तमान में यह 42 प्रतिशत है। सरकार इस सिलसिले में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा पावर, अदाणी पावर और वेदांत लिमिटेड सहित पांच निजी कंपनियों से बात कर रही है। प्रत्येक कंपनी को 5.30 अरब डॉलर का निवेश करने को कहा गया है। इस सिलसिले में परमाणु ऊर्जा विभाग और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इस निवेश के बाबत बीते वर्ष निजी कंपनियों के साथ कई दौर की बातचीत की हुई है। सरकार को इस निवेश से 2040 तक 11000 मेगावाट नई परमाणु बिजली उत्पादन क्षमता की उम्मीद है। फिलहाल एनपीसीआईएल के पास 7500 मेगावाट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र काम कर रहे हैं। इसमें बढ़ोत्तरी के लिए 1300 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो निवेश से संभव हो सकेगा। निजी कंपनियों के साथ परमाणु ऊर्जा विभाग की शर्तों में परमाणु संयंत्रों के उपकरणों के साथ भूमि और पानी के प्रबंधन में होने वाला खर्च कंपनियां उठाएंगी। हालांकि संयंत्र के निर्माण, संचालन और उसमें प्रयुक्त होने वाले ईंधन का अधिकार एनपीसीआइएल के पास रहेगा। निजी कंपनी इन संयंत्रों में बनने वाली बिजली बेचकर राजस्व प्राप्त करने की अधिकारी होंगी और एनपीसीआइएल परियोजना के संचालन का शुल्क वसूल करेगा। अतः कहा जा सकता है कि ये शर्तें व्यावहारिक होने के साथ सरकार और कंपनी दोनों के लिए ही लाभदायी साबित होंगी। परमाणु ऊर्जा परियोजना के विकास का यह हाईब्रिड नमूना परमाणु क्षमता स्थापित करने में भविष्य में अत्यंत मददगार साबित होगा। इस योजना के लिए



परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 में किसी भी प्रकार के संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी है।

हमारे यहां दो तरह के परमाणु रिएक्टर हैं। एक गर्म पानी का जिसे बॉयलिंग वॉटर रिएक्टर और दूसरे को प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर कहा जाता है। इनमें प्राकृतिक यूरेनियम का प्रयोग होता है। यूरेनियम के अणुओं के विखंडन के लिए, पहले रिएक्टर में अति उच्च दबाव और तापमान में पानी को खोलाया जाता है, जिससे अणु विखंडित होकर ऊर्जा में परिवर्तित हों। यह प्रक्रिया लगातार टरबाइन में चलती रहती हैं। इसे टरबाइन ब्लेड में चलाने की प्रक्रिया के साथ ऊर्जा उत्सर्जित होने लगती है। दूसरे रिएक्टर में ऊर्जा पानी के भारी दबाव से बनती है और इसमें पानी की मात्रा की बहुत ज्यादा जरूरत होती है, इसीलिए ये संयंत्र समुद्री तटों पर लगाए जाते हैं। गुजरात के तापी काकरापार परमाणु संयंत्र में बिजली पानी के उच्च दबाव से बनेगी। हालांकि अभी तक परमाणु ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लक्ष्य को सरकार हासिल करने में असफल रही है। इसका एक प्रमुख कारण परमाणु ईंधन आपूर्ति की कमी रही है। 2010 में इस हेतु मनमोहन सिंह सरकार ने रीपोसेस्ड परमाणु ईंधन की आपूर्ति के लिए अमेरिका से करार किया हुआ है। साथ ही एक बड़ी समस्या परमाणु ऊर्जा उत्पादन के दौरान होने वाली किसी दुर्घटना के लिए कड़े मुआवजा कानूनों का होना है। यही वजह है कि परमाणु संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन के काम वर्षों से अधर में लटके हुए थे, जो अब काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र में बिजली उत्पादन के साथ, लगता है गति पकड़ेंगे। दरअसल अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान छह साल से अटके असैन्य परमाणु ऊर्जा अनुबंध पर समझौता नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल की शुरूआत में ही हो गया था। इस मुद्दे के सिलसिले में दोनों देशों ने चतुराई यह बरती कि परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम मां संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी। इस परमाणु करार को अमल में लाने के बाबत सबसे बड़ी बाधा 'परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम' का उपबंध 17 था। इस धारा में प्रावधान है कि यदि अमेरिकी उपकरणों के कारण भारत में कोई त्रासदी होती है तो परमाणु संयंत्र प्रदायक कंपनी को नुकसान की भरपाई करनी होगी। जाहिर है, यह शर्त दुर्घटना होने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराती है, इसीलिए 2008 में इस समझौते के हो चुकने के बावजूद कोई विदेशी परमाणु ऊर्जा कंपनी भारत नहीं आई, जबकि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने इस करार को लागू करने के लिए सरकार ही दांव पर लगा दी थी।

नागरिक उत्तरदायित्व परमाणु हानि अधिनियम 2010 में किसी भी परमाणु दुर्घटना की आशंका में 1500 करोड़ रुपये की धनराशि पहले से ही सुरक्षित रखने का प्रावधान है। जिससे पीड़ितों को दुर्घटना के तत्काल बाद मुआवजे का प्रबंध किया जा सके। भारत ने इस मुद्दे में परमाणु ऊर्जा निगम की तरफ से 750 करोड़ रुपये की गारंटी जोड़ दी है। साथ ही 750 करोड़ रुपये भारत सरकार देगी। इस समझौते की खास बात यह रही है कि अब मोदी सरकार को परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम 2008 और 2010 में किसी संशोधन के लिए बाध्य होना नहीं पड़ा। इस करार के बाद ही काकरापुर परमाणु संयंत्र से बिजली उत्पादन संभव हो सका है। अमेरिकी कंपनियों के सहयोग से बन रहीं ये परियोजनाएं लगभग पूरी हैं। रूस के सहयोग से बनी तमिलनाडु की कुडनकुलम परमाणु परियोजना से पहले ही बिजली उत्पादन का कार्य शुरू हो गया है। बहरहाल भारतीय कंपनियां परमाणु संयंत्रों के निर्माण व संचालन में पूंजी निवेश करती हैं तो भारत बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के साथ बिजली निर्यात में भी सक्षम हो जाएगा। साथ ही युवाओं को रोजगार भी बड़ी संख्या में प्राप्त होने की उम्मीद बढ जाएगी।

## पुण्यतिथि

अरविंद जयतिलक



# क्रांतिनायक वीर सावरकर

वीर सावरकर जीवन भर अखंड भारत के पक्षधर रहे। 13 दिसंबर 1937 को नागपुर की एक जनसभा में उन्होंने अलग पाकिस्तान के लिए चल रहे प्रयासों को असफल करने की प्रेरणा दी और 15 अगस्त 1947 को भारतीय तिरंगा का ध्वजारोहण करते हुए कहा कि मुझे स्वराज प्राप्ति की खुशी है, किंतु वह खंडित है, इसका दुख है। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाएं, नदी तथा पहाड़ों या संधिपत्रों से निर्धारित नहीं होती, वे देश के नवयुवकों के शौर्य, धैर्य, त्याग एवं पराक्रम से निर्धारित होती है। वीर सावरकर ऐसे प्रथम राजनीतिक बंदी थे जिन्हें विदेशी भूमि (फ्रांस) पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुंचा। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंडमान के कठोर कारावास में जेल की दीवारों पर कील और कोयले से राष्ट्रवादी कविताएं लिखी। ब्रिटिश सरकार ने वीर सावरकर को क्रांति कार्यों के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। वे विश्व के पहले ऐसे लेखक थे जिनकी कृति 'द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेस-1857' दो-दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया। गौरतलब है कि जून 1908 में उनकी पुस्तक तैयार हो गई, किंतु मुद्रण की समस्या आ गई। इसके लिए लंदन से लेकर पेरिस और जर्मनी तक प्रयास किए, किंतु सभी प्रयास असफल रहे।



बाद में यह पुस्तक किसी प्रकार गुप्त रूप से हालैंड से प्रकाशित हुई और इसकी प्रतियां फ्रांस पहुंचाई गई। सावरकर पहले स्नातक थे जिनकी स्नातक की उपाधि को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण ब्रिटिश हुकूमत ने वापस ले लिया। सावरकर पहले ऐसे भारतीय विद्यार्थी थे जिन्होंने इंग्लैंड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ लेने से मना किया। नतीजा उनके वकालत करने पर रोक लगा दी गई। सावरकर ने राष्ट्रध्वज तिरंगे के बीच में धर्म चक्र लगाने का सर्वप्रथम सुझाव दिया। उन्होंने ही सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया। 10 मई, 1907 को उन्होंने इंडिया हाउस लंदन में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में प्रमाणों सहित 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को गदर नहीं, अपितु भारत के स्वातंत्र्य का प्रथम संग्राम सिद्ध किया। लंदन में रहते हुए उनकी मुलाकात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई जो उन दिनों इंडिया हाउस की देखरेख करते थे। 1 जुलाई, 1909 को मदनलाल ढ़ींगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाइम्स में एक लेख भी लिखा जो क्रांतिकारिता से परिपूर्ण था। 13 मई 1910 को पेरिस से लंदन पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, परंतु 8 जुलाई 1910 को एसएस मोरिया नामक जहाज से भारत ले जाते समय सीवर होल के रास्ते निकल लिए। 24 दिसंबर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। 1921 में मुक्त होने पर वह स्वदेश लौटे और फिर तीन साल जेल काटी। जेल में ही उन्होंने हिंदुत्व पर शोध ग्रंथ लिखा। कांग्रेस समेत तथाकथित सेक्यूलर वीर सावरकर और उनकी विचारधारा का विरोध करते हैं। दरअसल सावरकर ने 1946 के अंतरिम चुनावों के दौरान देश के जनमानस को आगाह किया कि वह कांग्रेस को वोट न दे। उन्होंने कहा कांग्रेस को वोट देने का अर्थ है भारत विभाजन। सावरकर सच साबित हुए। कांग्रेस का सावरकर से नफरत का एक अन्य कारण यह भी है कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र की उस विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया जो वसुधैव कुटुम्बकम की हिमायती है। गत वर्ष पहले सावरकर के शहीदी दिवस के दिन कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट के जरिये जारी एक तस्वीर में स्वंतत्रता सेनानी सावरकर को गद्दार बताया। तब कांग्रेस ने जारी तस्वीर के हवाले उन्हें गद्दार बताते हुए 1913 में अंडमान स्थित सेल्यूलर जेल से उनकी एक तथाकथित चिठ्ठी का भी जिक्र किया था जिसमें उन्होंने ब्रिटिश सरकार से रिहाई की मांग की थी। बेहतर होता कि कांग्रेस सावरकर की शहादत का मूल्यांकन करती।

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित

दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम ! मै हत्यारा हूँ, मुझे भिक्षा दीजिये। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान्‍ के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**चुनाव आयोग युवाओं का मतदान पत्र जल्द बनाए**

देश में लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। चुनाव आयोग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है। लोकतंत्र में चुनाव की मुख्य भूमिका होती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए उचित तरीकों से चुनाव होना और चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित होना भी जरूरी है। युवाओं का हर चुनाव में भाग लेना जरूरी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में बहुत से युवा पहली बार इस मतदान में भाग लेंगे, क्योंकि हाल में इन्होंने 18 वर्ष की उम्र पूरी होने पर अपना नाम वोटर सूची में शामिल करने के लिए अप्लाई किया होगा। - **सचिन जैन**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले

अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर शनिवार को हमले किए। ईरान समर्थित स्थानीय लड़ाकों के लाल सागर और अदन की खाड़ी में पोतों पर हाल में बढ़ते हमलों के जवाब में ये हमले किए गए हैं। हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमला किया था जिसके कारण एक मालवाहक पोत में आग लग गई थी। अमेरिकी अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने मिसाइल, लॉन्चर, रॉकेट, ड्रोन और हवाई रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाते हुए आठ स्थानों पर हमले किए।



## ऑफ बीट

# विकल्पों से भरे बाजार में भरोसेमंद ऐप जरूरी

मुझे अपने दिन की शुरुआत एक कटोरी अनाज के साथ करना पसंद है। यह सुपाच्य, हल्का और, अगर मैं सही चुनाव करता हूं, तो मेरे लिए अच्छा है। मेरे पास स्वास्थ्य के लिहाज से कम लाभकारी विकल्प भी चुनने की आजादी है। लेकिन जब मैं सुपरमार्केट जाता हूं और अपने सामने विकल्पों की श्रृंखला देखता हूं, तो मुझे यह समझने के लिए केवल डिब्बे के पीछे देखने की जरूरत होती है कि मैं क्या खाऊंगा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उक्त खाद्य वस्तु पौष्टिक है या नहीं। मानसिक स्वास्थ्य ऐप का आज विशाल बाजार है और उनमें से चुनाव करना अनाज चुनने के समान प्रतीत होता है।



## ट्रेंड

### चुनाव आयोग की अभूतपूर्व पहल



चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान पहली बार मतदान करने वालों को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ने की अभूतपूर्व पहल है। मेरा पहली बार मतदान करने वालों से अनुरोध है कि आम चुनावों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### याद रखें आप नश्वर हैं



यदि आप लगातार याद रखें कि आप नश्वर हैं, तो आप धरती पर समझदारी से चलेंगे। सत्यनिष्ठा नैतिकता का नहीं बल्कि समावेशिता का प्रश्न है। इसका मतलब है कि वही करना जो आपको लगता है कि संबंधित सभी लोगों के लिए सबसे अच्छा है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### बेरोजगारी बड़ा संकट



'अन्यायकाल' में बेरोजगारी बड़ा संकट बन गई है। अग्निवीर लाकर सेना में जाने की तैयारी कर रहे नौजवानों का सपना तोड़ दिया। सरकारी कंपनियां उद्योगपतियों को बेच डालीं। सालों तक भर्तियां नहीं निकलतीं, निकलती हैं तो पेपर लीक हो जाता है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### मजबूत बनते हैं



जिम में वजन हल्का नहीं होता बल्कि हम मजबूत बनते हैं। जीवन में चुनौतियां आसान नहीं होतीं। हम अधिक सक्षम बनते हैं। विकास करते रहो। चुनौतियां हमें सामर्थ्यवान बनाती हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

संक्षेप

## आवास योजना में अवैध वसूली की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने आख्या प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य नबी अहमद ने रूपईडीहा नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अवैध वसूली पर आवश्यक कार्रवाई न होने के संबंध में जनपद गोरखपुर जाकर मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में मुख्यमंत्री को हैंड टू हैण्ड एक शिकायती पत्र दिया था। जिसमें मुख्यमंत्री ने विशेष कार्याधिकारी उत्तर प्रदेश शासन को पूरे मामले में कार्यवाही से संबंधित आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके बाद विशेष कार्य अधिकारी ने जिला बहराइच के डीएम को पूरे मामले से संबंधित आख्या मांगा गया है। कार्यकारिणी भाजपा कार्यकारिणी सदस्य ने बताया कि लगभग 2 माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने पर अवैध वसूली करने वालों का मनोभाव बढ़ गया। पुनः यह लोग दूसरी किस्त में फिर से रुपया मांगने लगे हैं। इसीलिए मजबूरी बस मुझे मुख्यमंत्री के पास जाकर शिकायत करनी पड़ी।

## मिल्कीपुर में किशोरी का फंदे से लटकता मिला शव

### परिजनों ने नहीं दी कोई तहरीर, पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच में जुटी

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर तहसील के अघियारी चौराहे पर किशोरी का घर के अंदर दिवाल में लगी खूंटी से संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने की बात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना खण्डासा क्षेत्र के अघियारी चौराहा निवासी सुरेश कुमार की 16 वर्षीय बेटी सलोनी का घर के अंदर दीवार में लगी खूंटी से दुपट्टे के सहारे परिजनों को लटकती मिली। घटना उस वक्त हुई जब परिवार के सदस्य खेत खलियान की ओर गए थे। घर लौटे परिजन जब सलोनी को खूंटी से लटका देखें तो रोने चिल्लाने लगे। परिजनों की आवाज सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। किसी तरीके से लोगों ने फंदे से नीचे उतार कर घटना की जानकारी थानाध्यक्ष खण्डासा मनोज कुमार को दी।

## मिल्कीपुर में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर-अमानीगंज संपर्क मार्ग स्थित कलंदर पुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पवन तिवारी और उमेश तिवारी को टक्कर मार दिया। बाइक सवार दोनों लोग अपने भतीजे की बारात में शामिल होने जा रहे थे। घायल पवन तिवारी को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# संत रविदास के 647वें प्राकट्योत्सव पर सामूहिक विवाह एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

### संत रविदास संत समाज के ऊर्जावान नेतृत्वकर्ता- डॉ० संदीप सरावगी

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। महामानव मिशन समिति एवं समस्त ग्रामवासी खजराहा बुजुर्ग के तत्वाधान में माघी पूर्णिमा पर सतगुरु रविदेव के 647वें उत्सव के शुभ मुहुर्त पर 10 कन्याओ का 5 दिवसीय सामूहिक विवाह मेला महोत्सव का आयोजन हो रहा है। जिसका प्रारंभ दिव्य ज्योति शोभायात्रा के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे आयोजक मंडल द्वारा माल्यार्पण कर डॉ संदीप का स्वागत कर मंचासीन किया गया। बौद्ध भिक्षुओं द्वारा विद्यवत पूजन के पश्चात यात्रा का शुभारंभ हुआ। प्रातः 8 बजे से भगवान बुद्ध वंदना प्रिशरण पंचशील, 10 बजे से उपासक-उपासिकाओं को धम्म दीक्षा तत्पश्चात धम्म भिक्षुओं का भोजनदान कार्यक्रम रखा गया, शाम 5 बजे बौद्धगाथा वाचन हुआ जिसमें गायक के रूप में मुरैना की अंजली बौद्ध उपस्थिति रहीं। 28 फरवरी को सामूहिक विवाह के साथ इस महोत्सव का समापन होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ० संदीप सरावगी ने कहा संत रविदास भारत के एक महान संत, समाज-सुधारक, कवि और ईश्वर के अनुयायी थे। वह संत परंपरा के एक चमकते नेतृत्वकर्ता थे, उनकी ईश्वर में असीम आस्था थी। उन्होंने समाज कल्याण के लिए कई आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिये। उनकी प्रसिद्ध कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा यह दशार्ती है कि हम स्वच्छ मन से कोई भी कार्य करेंगे तो उसमें सफलता पाना संभव नहीं है मात्र हमारी नियत साफ होनी चाहिए। हमारे देश में कई जातियां हैं और लगभग सभी जातियों में महापुरुषों ने जन्म लिए हैं जिन्होंने समाज को नई दिशा और दशा दी। यह इस बात का प्रमाण है की प्राचीन काल में छुआछूत जैसी अवधारणा नहीं थी लेकिन बाद में इन सामाजिक कुरीतियों को आरोपित किया गया। कुछ लोगों ने अपने लाभ के लिए सामाजिक कुरीतियों फैला कर हमारे बीच बटवारा किया जिससे वे लोग अपना वर्चस्व स्थापित कर सकें लेकिन आज का युवा वर्ग इन सभी कुरीतियों को दरकिनार कर एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और समाज के विकास हेतु कार्य कर रहा है। जहां भी हमें इस प्रकार की कुरीतियों दिखाई दे हमें इसका पुरजोर विरोध करना चाहिये। इस भव्य आयोजन के लिए मैं आयोजक मंडल को धन्यवाद देता हूं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। इस अवसर पर संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राजू सेन, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, राकेश अहिरवार, चंदन पाल, प्रमेन्द्र सिंह, नीरज सिहोते, राजीव सिंह त्रिलोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बहराइच महोत्सव में भोजपुरी व बालीवुड नाईट में उमड़ा जन सैलाब

### शिल्पीराज व अल्ताफ राजा के गीतों पर खूब झूमी युवा शक्ति

### रंग बिरंगी आतिशबाजी से हुआ बहराइच महोत्सव का समापन

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित हुए 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन की शाम बॉलीवुड व भोजपुरी नाईट के नाम रही। नगरवासियों के उमड़े जनसैलाब के बीच शिल्पीराज द्वारा प्रस्तुत भोजपुरी गीतों तथा अल्ताफ राजा द्वारा प्रस्तुत किये गये बॉलीवुड सांग ने माहौल को रूमानी बना दिया। जबकि बहराइच महोत्सव के समापन पर रंग बिरंगी आतिशबाजी का भी लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। इस अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड़, सांसद कैसरगंज ब्रजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के प्रतिनिधि करणवीर सिंह, प्रमुख तजवापुर के प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी दीपेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## रोडवेज बस व ट्रक में हुई आमने-सामने टक्कर, आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। लखनऊ रूपईडीहा जा रही रोडवेज बस और ट्रक में मंगलवार की देर रात को आमने सामने टक्कर हो गई। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाल कर सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया। यहां दो लोगो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस हादसे में दोनों वाहनों के चालक समेत छह लोग घायल हुए हैं। लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे से रोडवेज बस संख्या यूपी 77 एएन 2212 सवारियों को लेकर रूपईडीहा के लिए मंगलवार रात को रवाना हुई। रोडवेज बस लखनऊ बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली के ऐनी हतिंसी टोल प्लाजा के पास पहुंची। तभी बहराइच से लखनऊ की ओर जा रही ट्रक संख्या यूपी 92 एटी 0497 अनियंत्रित हो गया। दोनों वाहनों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद रोडवेज बस के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कोतवाल राजनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टोल कर्मियों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकलवाया। इसके बार सभी एंबुलेंस से सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया।हादसे में ट्रक चालक जालौन जिले के शहजादपुरा गांव निवासी रविकांत (28) पुत्र राम प्रकाश, बस चालक बाराबंकी जिले के गढ़ी चतेहना निवासी राम कुमार सिंह (40) पुत्र उषार सिंह, यात्री बहराइच जिले के रूपईडीहा निवासी इमरान (20) पुत्र अब्दुल अजीज, गोंडा जिले के मनकापुर निवासी बिंदु पांडेय (33) पत्नी सतीश चंद्र पांडेय, माया देवी पत्नी सूरज प्रसाद समेत आठ लोग घायल हो गए। इनमें मां बेटी बिंदु पांडेय और माया देवी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल ने बताया कि देर रात हादसा हुआ है। बस रूपईडीहा जा रही थी। दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हाइड्रा से हटवाकर आवागमन बहाल कर दिया गया है।

# नियुक्ति पत्र पाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के खिले चेहरे

## नवचयनित 50 लाभार्थियों को वितरण किया गया नियुक्ति पत्र

### जिले को 41 आंगनबाड़ी केन्द्रों की मिली सौगात

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 3077 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं 173 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश के 31 जनपदों में 1459 जिसमें जनपद बहराइच के 41, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का शिलान्यास कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति में सजीव प्रसारण हुआ। इस अवसर पर सांसद श्री गोड द्वारा विधायक नानपारा, मुख्य विकास अधिकारी के साथ नवनिर्मित होने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के शिलालेख का अनावरण किया तथा आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नव चयनित 50 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## प्रधानमंत्री ने कृषकों के खातों में वर्चुअली भेजी किसान सम्मान निधि

### समस्त ब्लाकों में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में आयोजित हुआ जायद गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। महाराष्ट्र राज्य के जनपद यवतमाल में आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 16वीं किश्त का डिजिटली हस्तान्तरण किया। इस अवसर पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ तथा कृषि अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों की मौजूदगी में जायद गोष्ठी 2024 का आयोजन कर कृषकों को वैज्ञानिक तरीके से खेती किसानी करने, संतुलित उर्वरकों के उपयोग तथा श्री अन्न तथा जैविक खेती के लाभों के बारे में बताया गया। उल्लेखनीय है कि विकास खण्ड विशेश्वरगंज के कृषि कल्याण केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने कृषकों का आहवान किया कि कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुसार खेती करें। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जायद फसलों के बारे में कृषकों द्वारा जो सुझाव दिये गये हैं किसान भाई उसे खेती किसानी में अपना कर अपनी आय को दोगुना करें। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि जायद की फसल के लिए सभी किसानों को समय से बिजली, पानी एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। कार्यक्रम के अन्त में श्री त्रिपाठी ने 16वीं किश्त की धनराशि प्राप्त होने पर किसानों को बधाई दी।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत

- खेत से आवारा जानवर भगाने के दौरान हुआ हादसा, 5-6 फीट पर लगे हैं तार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में बिजली विभाग की लापरवाही से एक किसान की मौत हो गई। सुबह खेत मे घुसे आवारा जानवरों को भगाने गए किसान की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। किसानों का आरोप है की पूरे गांव में हाईटेंशन लाइन नीचे लटक रही है और कई बार शिकायत की गई, लेकिन कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर सरैया गांव का है जहां आज सुबह 65 वर्षीय किसान मो. साजिद अपने खेत में मौजूद आवारा जानवरों को भगाने गया था। इसी बीच खेत से मात्र 6 फीट ऊपर लटक रहे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आते ही साजिद की मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद खोजते-खोजते जब परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हड़कंप मच गया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। जगदीशपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी। गांव के रहने वाले ग्रामीण सलीम ने बताया कि सुबह खेत में जानवर घुसे थे, जिसके बाद साजिद उन जानवरों को भगाने गए थे तभी वह खेतों के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे हुआ 342 गरीब कन्याओं का विवाह

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

### बाबुल का आँगन बना गेंद घर का मैदान

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 342 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें 16 जोड़े अल्पसंख्यक (मुस्लिम समुदाय) के हैं। कार्यक्रम में मौजूद सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा



शंकर, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद देकर विदा किया।

## ....जब कप्तान ने किया महिला थाना का औचक निरीक्षण

### अव्यवस्थित फर्नीचर व गंदगी पर व्यक्त की नाराजगी

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। बीते बुधवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण भवन की रंगाई-पुताई एवं मरम्मत की आवश्यकता प्रतीत हुई जिसके सम्बन्ध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि उपलब्ध अनुदान के तहत इसमें तत्काल रंगाई-पुताई व मरम्मत का कार्य कराये। थाने परिसर में सभी जगह अत्यधिक धूल मिट्टी एवं अव्यवस्थित ढंग से रखा हुआ फर्नीचर पाया गया जिसमे पुलिस अधीक्षक द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा थाने परिसर के अंदर व बाहर उच्च साफ-सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने परिसर के अंदर कई जगह बहुत बड़ी उगी हुई घास पाई गयी जिसको कटवाने हेतु निर्देशित किया गया एवं जो आवासीय भवन जर्जर स्थिति में है उनको तत्काल रूप से मरम्मत कराने के लिए बताया गया ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना किसी भी पुलिस कर्मी व उनके परिवार के साथ ना घटे। आगंतुकों के लिए पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई जिसके सम्बन्ध में तत्काल वाटर डिस्पेंसर लगाकर लगाके पीने के पानी की व्यवस्था का इंतजाम कराने के लिए बताया गया। थाने में जो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है उनमे कुछ कैमरे गलत दिशा में लगे हुए पाए गए जिनसे उपयोगी फूटेज नहीं प्राप्त हो पा रही थी उनकी दिशा सही करने को बताया गया। जिन दम्पतियों की काउंसलिंग की कार्यवाही चलती है उनकी समयबद्ध रूप से काउंसलिंग का निस्तारण कर तथा जिन प्रकरणों में मुकदमा पंजीकृत है, उसमें विधिवत समयबद्ध विवेचना समाप्त कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए बताया गया। महिला थाने में उपलब्ध आगंतुकों से बात करके महिला थाने की सेवाओं के बारे में भी फीडबैक ग्रहण किया गया।

## दर्शनार्थियों को अयोध्या लेकर जा रही बस पलटी

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, हैदराबाद से अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचे तीर्थ यात्री काशी विश्वनाथ का दर्शन कर अयोध्या वापस लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। तीर्थ यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। दुर्घटना में दो यात्रियों को गंभीर चोटे आई, जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य मोतिगरपुर केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्री दूसरी बस से अयोध्या के लिए रवाना हुए। तेलंगाना के हैदराबाद से 38 यात्रियों का जत्था रामलला का दर्शन करने तीन दिन पहले ट्रेन से अयोध्या पहुंचा था। अयोध्या भ्रमण करने के बाद यात्रियों ने प्राइवेट बस बुक की और काशी विश्वनाथ का दर्शन करने वाराणसी पहुंचे थे। रविवार देर रात यात्रियों से भरी बस वाराणसी से अयोध्या के लिए वापस लौट रही थी। टाटियानगर में पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते बस चालक लंभुआ से कूरेभार मार्ग होकर बस लेकर निकल रहा था कि सुबह मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के करौदी गांव के पास बस अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गई। घटना के समय ज्यादातर यात्री नींद में थे। बस अचानक पलटने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हुए और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। हैदराबाद जिले के अंबरपेट थाने के गोलनगर निवासी एन विनोद (48) पुत्र शंकर और मलकपेट थाने के सैदाबाद निवासी महेंद्र (30) पुत्र बेकटाना को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। बस यात्री एल अरविंद कुमार ने बताया कि हम लोग 3 दिन पहले ट्रेन से अयोध्या पहुंचे थे। वहां दर्शन करने के बाद प्राइवेट बस बुक करके वाराणसी दर्शन करने पहुंचे।

## भाकियू के सैकड़ों कार्यकताओं ने मुख्य मार्ग पर लगाया जाम

### किसानों ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

अमन लेखनी समाचार



जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव के पास स्थित राठ महोबा मुख्य मार्ग पर आज भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों किसानों ने अपने केंद्रीय नेतृत्व के आहवाहन पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीच सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के बुंदेलखंड महासचिव रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर आज पूरे देश में जगह-जगह किसानों के द्वारा प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगे हैं। सरकार मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें तथा भोजन, दवाओं, कृषि इनपुट, मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पादों तथा रसोई गैस पर जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करे। तथा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं दिव्यांग व्यक्तियों व खिलाड़ियों को दी जाने वाली रियायतें बहाल करें। खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक करें।

# अयोध्या में 7 गोली मारकर युवक की हत्या

- बारात से लौटते समय रास्ते में हमला, पुलिस बोली- रंजिश में हुई वारदात

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या में गोली मारकर युवक की हत्या कर दी गई। रात 12 बजे बारात से लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने 30 साल के विशाल यादव को 7 गोलियां मारी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। हत्या क्यों की गई? पुलिस की शुरूआती जांच में आपसी रंजिश सामने आई है। थाना पूरा कलंदर के टोनिया गांव के रहने वाले विशाल यादव रविवार को अयोध्या में एक बारात में आए थे। बाइक से घर वापस जाते समय कैंट थाना एरिया के मशीनिया गांव के पास बदमाशों ने विशाल यादव पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान विशाल यादव के पीठ में पांच गोलियां लगी। इसके अलावा हाथ पर भी 2 गोली लगी है। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। खून से लथपथ विशाल यादव को लोगों ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान विशाल यादव की मौत हो गई। घटना की सूचना अस्पताल ने पुलिस को दी। अयोध्या कैंट थाना प्रभारी संतोष मौर्य ने बताया कि विशाल के पीठ पर पांच गोली और हाथ में दो गोली लगी है। शुरूआती जांच में मालूम हुआ कि घटना आपसी रंजिश के चलते हुई है। विशाल इंटर की पढ़ाई करने के बाद मिट्टी का कारोबार करते थे। पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। पिता राजबली यादव खेती करते हैं। युवक की शादी नहीं हुई थी।

# संक्षेप

## जालौन में ग्रामीणों ने फर्जी सिपाही को पकड़ा

### पुलिस परीक्षा के अभ्यर्थियों से भर्ती कराने के नाम पर इक्ट्ठा कर रहा था पैसा

जालौन, जालौन में रात को ग्रामीणों ने फर्जी सिपाही को पकड़ा है। जो गांव में आकर पुलिस अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों से कागज लेकर उन्हें नौकरी का झांसा देकर पैसे एकत्रित कर रहा था। ग्रामीणों को उसे पर शक हुआ तो उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद फर्जी सिपाही ग्रामीणों के पैर पड़कर रोने लगा और छोड़ने की गुहार लगाने लगा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामला आटा थाना क्षेत्र के भदरेखी का है। भदरेखी में रविवार रात को पुलिस की वर्दी पहने एक उन युवकों के पास जा रहा था। जिन्होंने रद्द हुई 60 हजार पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा दी थी। पुलिस की वर्दी पहने यह फर्जी सिपाही उन युवकों को यह आश्वासन दे रहा था कि पुलिस परीक्षा से जुड़े हुए कागज दे दे, जिससे आगे होने वाली भर्ती परीक्षा में उन्हें पास करवा देगा और उसकी नौकरी लगवा देगा। ग्रामीणों को उसे पर शक हुआ और उन्होंने वर्दी पहने उस व्यक्ति को पकड़ लिया साथ ही पुलिस को सूचना दी। जैसे ही ग्रामीणों ने पुलिस को अवगत कराया। वह गांव के लोगों के पैरों पर गिरकर फूट-फूट कर रोने लगा और छोड़ने की भीख मांगने लगा। उसके द्वारा मांगी जा रही रहम का वीडियो बनाकर ग्रामीणों ने वायरल कर दिया। फर्जी सिपाही के पकड़े जाने की सूचना जैसे ही थाना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने पुलिस की वर्दी पहने फर्जी सिपाही को ग्रामीणों की चुंगल से छुड़ाकर हिरासत में लेकर थाने ले आई।२

## जालौन में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर हादसा

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, शादी के कार्ड बांटने जा रहा था

जालौन, जालौन में रात के वक्त दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला। जहां शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक से उरई आ रहे एक युवक को तेज रफ्तार तक ने टक्कर मार दी। जिससे वह पहियों के नीचे आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही हादसे की सूचना परिजनों को दे दी। घटना आटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले झांसी कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित उकासा टोल प्लाजा के पास की है। यहां हमीरपुर जनपद के थाना कुरारा की रहने वाले कामताप्रसाद (30) घर में होने वाली शादी के कार्ड लगाने के लिए रविवार रात को बाइक से उरई की तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह आटा थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित टोल प्लाजा के पास पहुँचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक सहित ट्रक के पहियों के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया।

# आईटीएम की दो छात्राओं ने निर्मित किया लेजर सिक्योरिटी गन

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गीडा गोरखपुर कंप्यूटर साइंस सेकेण्ड ईयर की दो छात्राएं अंकिता और आस्था, नें विनीत राय के देखरेख में लेजर सिक्योरिटी गन तैयार किया है जो बॉर्डर पर घुस पैठ को रोकने में मदद करेगो छात्राओं नें कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले मे शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देतें हुए आईटीएम कॉलेज में अपने लेजर सिक्योरिटी गन सिस्टम का प्रदर्शन किया है। इस लेजर सिक्योरिटी गन में कुल पांच इलेक्ट्रॉनिक गन के बैरल लगे हैं जो 360 डिग्री रोटेट कर चारों तरफ घूम कर अपने दुश्मन पर गोलियाँ दाग सकती हैं इसमें लगे वाई-फाई कैमरा गन ट्रिगर की मदद से दुश्मन की नजर में आये बिना उन पर निशाना साधा जा सकता हैं। इस उपकरण को जवान अपने कैंम्प के चारों तरफ 50 मीटर के डिस्टेंस से लेकर 2 किलोमीटर तक के रेंज के अंदर लगा सकतें हैं इस गन को बनाने मे लगभग पैतीस हजार रुपए का खर्च आया हैं संस्थान के निदेशक एन के सिंह नें बताया हमारे कॉलेज के इन्नोवेशन सेल में लगातार छात्र छात्राएं नये - नये खोज करते रहते हैं।इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

## शादी का झांसा देकर छात्रा से बनाया संबंध लेकर फरार केस दर्ज

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा स्थित कक्षा 9 की छात्रा को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के बाद पिपरा निवासी एक युवक उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस न आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना कमपियरगंज निवासी एक महिला नगर पंचायत सहजनवा धनश्याम नगरी में किराए का मकान ले कर रहती है। और मजदूरी कर जीविकापार्जन करती है। और बेटी कक्षा 9 में पढ़ती है। घर पर पिपरा निवासी एक युवक आता जाता था। और बेटी को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया और उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। 19 फरवरी को युवक छात्रा को बहला फुसला कर भगा ले गया। मजदूरी कर जब शाम को घर पर पहुंची तो बेटी नहीं थी। खोजबीन का बाद पता चला की आरोपी युवक उसे भगा ले गया है। और गहने भी ले गई है। छात्रा के मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अरविंद यादव निवासी पिपरा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया है।

# श्रीराम कथा के लिए गाजेबाज के साथ निकाली गई कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमटौरा में पंचमुखी हनुमान मंदिर पर बुधवार से शुरू हो रहे दस दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के शुभ अवसर पर यज्ञ आचार्य और आयोजकों द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा गाजे बाजे, रथ, घोड़ा और हाथी के साथ कथा स्थल से चलकर पिपरौली, धरमौली, बांसपार, मल्हीपुर गीडा होते हुए बगहा बाबा मोक्षधाम कालेसर राप्ती नदी के तट से कलश भरकर पुनः कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में बूढ़े, नौजवान, बच्चे, महिलाएं सभी नाचते गाते चल रहे थे। साथ में डीजे पर भक्ति गाना बज रहा था। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।कलश यात्रा में कुल 501 कन्याओं द्वारा कलश भरा गया। कार्यक्रम के आयोजक सुरेंद्र श्रीवास्तव और मनोहर सिंह ने बताया कि श्रीराम कथा 8 मार्च तक चला।श्रीराम कथा महोत्सव में संत श्री मनीष भाई जी महाराज द्वारा प्रतिदिन शाम 3 बजे से लेकर 6 बजे तक श्रीराम कथा कहा जाएगा।प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से रामलीला का मंचन किया जायेगा। कलश यात्रा में ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, राम बुझारत पासी, ऋषिकेश जैसवाल, गंभीर सिंह, राणा सिंह, रविप्रताप सिंह, आनंद सिंह, जीत बहादुर सिंह, मुकुंद सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज सिंह उर्फ लड्डू सिंह, विक्की सिंह, रवि सिंह, संजय सिंह, प्रधान श्रीराम उर्फ मोनू शर्मा, मनोज सिंह सहित क्षेत्र वासी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने विद्यालय का निरीक्षण किया



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने बुधवार को वार्ड नं एक विजौवा स्थित परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका सरोज ने सरकारी हैण्डपम्प खराब होने की बात रखी।जिसपर उन्होंने तत्काल हैण्डपम्प ठीक कराने का निर्देश दिए।आगे रसोई घर के पास जल निकासी की समस्या से अवगत कराया।चेयरमैन ने जल्द सोख्ता बनवाने का आश्वासन दिया।इस दौरान राजन मिश्र, जनार्दन, सभासद अनुपमा जिज्ञासु सहित आदि लोग मौजूद रहें।

# बैनामे की जमीन से पुलिस ने हटवाई डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या-1 नगर बिजौवा में बुधवार को बैनामा की जमीन से पुलिस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हटवाई और विवाद शांत कराया। मौके पर एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहजनवा मदन मोहन मिश्रा व चौकी प्रभारी घघसरा अवधेश पाण्डेय भी मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार- दलित बस्ती में खाली पड़ी-तकरीबन 4 डिस मिल जमीन पर लोगों का कब्जा है। बीते मंगलवार की रात लोगों ने बने चबूतरे पर बाबा साहब डा० भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा रख दी। जिससे दो पक्षों में तनाव उतपन्न हो गया।दलित बस्ती के लोगों का कहना है कि जमीन हम लोगों के पूर्वजों को ग्राम रिठुआखोर के जमींदार सैंथवारों द्वारा सेवा के बदले दिया गया था। तभी से हम लोग काबिज हैं और रह रहे हैं। बाबा साहब से जुड़े सभी कार्यक्रम भी करते चले आ हते हैं। गौर तलब बात यह है कि- उसी जमीन को मोहल्ले के रहने वाले प्रकाश यादव वगैरह ने कुछ माह पहले रिठुआखोर के लोगों से अपने नाम बैनामा करा लिया। भनक लगी तो दलित बस्ती के आनन-फानन में बीते मंगलवार की रात बाबा साहब की प्रतिमा रख दी। इसी बात को लेकर बुधवार की सुबह दोनों पक्षों में बहस हो गया और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे दी। मौके पर पहुची पुलिस फोर्स एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में प्रतिमा हटवा दी और मामला शांत कराया। उक्त संदर्भ में एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि- बाबा साहब की प्रतिमा हटवाई गयी है।दोनों पक्षों को थाने पर दस्तावेज के साथ बुलाया गया है।

## आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के डोहरिया कला निवासी अखिलेश पत्नी योगेंद्र पांडेय 42 वर्ष 9 फरवरी को शाम 7.30 बजे आटो पर बैठकर सहजनवा बाजार करने आई थी। बाजार कर आटो से घर जा रही थी। आटो चालक तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर एक में जाकर ठोकर मार दिया था। जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। मृतिका के पति योगेंद्र पांडेय की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# अवैध खनन को लेकर जागा प्रशासन राजस्व टीम द्वारा कराया गया सीमांकन

### बड़गहन प्रधान ने अवैध खनन होने का किया था शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बडगहन के पास राप्ती नदी के किनारे कराए जा रहे अवैध खनन को लेकर कई बार शिकायत हो चुकी है। लेकिन सीमा का चिन्हांकन न होने से स्थित समस्या का समाधान नही हो पा रहा था। मामले को लेकर बड़गहन प्रधान बरसाती देवी ने एसडीएम सहजनवा, खनन अधिकारी, सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह के नेतृत्व में सहजनवा और सदर से राजस्व टीम गठित की गई। मौके पर पहुंची दोनो तहसील के राजस्व टीम ने उत्तर जोत,, बड़गहन, शंभू चक, और टिकरिया राप्ती नदी के किनारे स्थित भूमि का चिन्हित किया गया। जिसकी रिपोर्ट जल्द तैयार की जायेगी। इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवा सचिन सिंह ने कहा की भूमि को चिन्हित कर लिया गया। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर भेजा जाएगा। इस दौरान सीओ चकबंदी विनोद जैसल, खनन अधिकारी आरपी सिंह नायब तहसीलदार सदर हिमाशु सिंह, नायब तहसीलदार सहजनवा दुर्गेश चौरसिया, प्रभारी निरीक्षक खनन अमित सिंह, लेखपाल संजय वर्मा, सुनील, अरविंद मौजूद थे।

# लिटिल वैज्ञानिकों ने आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मचाया धमाल

### विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अनेक क्षेत्रों में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत लगभग 24 वर्षों से निरंतर सेवा प्रदान कर रहा सेंट गफूर एजुकेशन सेंटर एवं किड्स ड्रीमलैंड विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई विद्यालय के संस्थापक डॉ अयूब खान ने भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया विद्यालय पहुंचे संस्थापक डॉ अयूब खान का विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने भव्य स्वागत किया संस्थापक अयूब खान एवं इश्तियाक अहमद ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए विज्ञान दिवस के बारे में जानकारियां दी उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिक सर सीवी रमन के तत्वावधान में लगभग 96 वर्ष पूर्व 28 फरवरी वर्ष 1928 को प्रारंभ किया गया था राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य है नन्हे मुन्ने बच्चों विद्यार्थियों को आज की नवीन शिक्षा तथा नए-नए उपकरणों से ओतप्रोत करते हुए विज्ञान के प्रति प्रेरणा मिले जिससे आज का युवा समाज कल का देश का उज्जवल भविष्य बनकर विज्ञान को आगे बढ़ाएं प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यालय की कक्षा 6 की छात्रा अल्पमा एवं माही की टीम ने लेजर होम सिक्योरिटी सिस्टम जुनैद ऐश तथा गौरव की टीम ने हार्ट वर्किंग मॉडल अनन्या तथा नित्या की टीम ने मिशन चंद्रयान 3 का आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया वहीं प्रदर्शनी के अंतर्गत शिवानी पायल आरिफा आकांक्षा आदि छात्राओं की टीम ने सूर्य ग्रहण तथा आदित्य श्रेया अनन्या वैष्णवी सानिया अनमोल कार्तिक अभिषेक अना आदि सभी बच्चों की टीमों ने आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि समेत आम जनमानस को गदगद कर दिया इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक के साथ विद्यालय के प्रबंधक इश्तियाक खान प्रधानाचार्या शहनाज खान शिक्षक इमरान खान रूही खान महेश दुबे आशुतोष आदि सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक भारी संख्या में मौजूद रहे विद्यालय परिवार ने भी नन्हे मुन्ने वैज्ञानिकों के अद्भुत कलाकृतियों को देख सराहना की

# त्रयोदशा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## समाज सेवी की मां के निधन पर आयोजित हुआ शांति पाठ त्रयोदशा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे के निवासी ओजस्वी संचालक समाजसेवी शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी की मां सरोजनी देवी पति शिक्षक स्वर्गीय कृपा शंकर त्रिवेदी के निधनोंपरांत कल शांति पाठ प्रीति भोज आयोजित हुआ आयोजन पर पहुंची जनपद की सांसद कैबिनेट मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व राज्य कारागार मंत्री जयकुमार सिंह जैकी (बिंदकी विधायक) सुशीला सिंह ब्लाक प्रमुख अमौली खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण शुक्ला समेत दर्जनों जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों भारतीय जनता पार्टी के समर्थक समेत अन्य पार्टियों के समर्थक गणों ने पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी आयोजित कार्यक्रम में प्रातः काल हवन पूजन के पश्चात गणमान्य कन्या भोज प्रारंभ हुआ वही अनवरत देर रात्रि तक आयोजित प्रीतिभोज में पहुंचकर आम जनमानस में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर महाप्रसाद को ग्रहण किया आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे समाज सेवियो जनप्रतिनिधियों समेत आम जनमानस ने शोका कुल परिवार को सांत्वना प्रदान की इस मौके पर जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य अरुण कुमार मिश्रा आदित्य त्रिवेदी विभु मिश्रा शुभा मिश्रा आचार्य करुणाशंकर शास्त्री विजय शंकर त्रिवेदी दयाशंकर त्रिवेदी मुकेश ओमर आर्य कुमार पाण्डेय प्रमोद शुक्ला शिक्षक नागेश प्रताप सिंह आशीष त्रिवेदी शैलेंद्र सचान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मंत्री दयाराम गौतम कुलदीप तिवारी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री डॉ रामभक्त वर्मा अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता रज्जन लाल त्रिवेदी एवं मीडिया बंधुओं समेत भारी संख्या में आम जनमानस ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

# केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था ब्यवस्थित करने के लिए वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से वर्चुअली उत्तर प्रदेश पुलिस की अवस्थापना सुविधाओ के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रदेश में 148 निर्माण कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास के क्रम में जनपद फतेहपुर के थाना कोतवाली पर केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की उपस्थिति में जनपद फतेहपुर के साइबर क्राइम थाना सहित 21थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का शुभारंभ एवम साथ ही जनपद के थाना कल्यानपुर, मलवा ,कोतवाली नगर, थरियांव एवम थाना खागा में मेडिकल कक्ष प्रसाधन का शिलान्यास किया गया इस संबंध में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की जनपद में कानून व्यवस्था और अच्छी बनाए रखने के लिए सुधार किया जा रहा है और यह भी कहा कि जनपद के लिए बड़े गौरव की बात है वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम से 21 थानों पर साइबर हेल्प डेस्क के साथ 6 थानों में मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया गया।

# बुलंदशहर में रजवाहे में मिला महिला का शव

### पुलिस बोली– 7 दिन पुरानी लग रही लाश, 30 साल है उम्र, शिनाख्त के प्रयास जारी

अमन लेखनी समाचार




बुलंदशहर, सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहताब नगर रजवाहे की पुलिया में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला की छानबीन के बाद भी शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया है। आसपास के गांवों में तस्वीर भेजकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। गांव मेहताब नगर के ग्रामीणों ने बताया कि रजवाहे की पुलिया में सुबह शव के फंसे होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को किसी तरह से बाहर निकाला और शिनाख्त करने में जुट गई। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव मोर्चरी में भिजवा दिया है। पुलिस ने बताया कि महिला का शव बहता हुआ आया है। शव करीब एक सप्ताह पूर्ण प्रतीत हो रहा है। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है। करीब 30 साल की उम्र है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के बारे में पता चल सकेगा।

# आतिशबाजी कर रहे युवकों को रोकना पड़ा भारी

- लिसाड़ी गेट के पास पुलिस कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, पुलिस ने दो युवको को हिरासत में लिया

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के लिसाड़ीगेट में शब ए बारात पर आतिशबाजी कर रहे लोगों को रोकना पुलिस कर्मियों को भारी पड़ गया। आतिशबाजी कर रहे युवकों ने पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, सूचना पाकर भारी तादाद में लिसाड़ी गेट थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना रविवार देर रात की है, इस्लामाबाद में कुछ युवक आतिशबाजी कर हुड़दंग मचा रहे थे। जिस पर लिसाड़ीगेट थाने में तैनात सिपाही इस्लामाबाद पहुंचे और आतिशबाजी कर रहे युवकों को रोकना चाहा, लेकिन आतिशबाजी कर रहे युवक पुलिस से उलझ गए और दोनों पुलिसकर्मियों से हाथापाई शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने लाठी फटकारी तो आरोपियों में पुलिस कर्मियों से हाथापाई कर दी। और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया इस दौरान आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया।

## साइबर थाने का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**सभी थानों में सिक्योरिटी सेल का भी हुआ अनावरण**

**अमन लेखनी समाचार /उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी ऑफिस स्थित भवन में साइबर थाने का लोकार्पण किया। साथ ही, सभी थानों में सिक्योरिटी सेल का भी अनावरण हुआ। हमीरपुर जिले में एसपी ऑफिस स्थित भवन में साइबर थाना बनाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जनपद के सभी थानों में बनाई गई साइबर सिक्योरिटी सेल का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी व श्रम एवं सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, जिलाधिकारी राहुल पांडेय, एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# उप्र बार काउंसिल के आदेश के बाद आमसभा की बैठक में बनी चुनाव की सहमति

**एक माह के अंदर होगा चुनाव**

**अमन लेखनी समाचार**



अतर्रा/बांदा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ के आदेश पर 169 मतदाताओं पर एक माह में चुनाव कराने के आदेश के बाद आमसभा की बैठक कर अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आदेश का हवाला देते हुए एक माह मैं चुनाव कराने पर सहमति बन गई जिस पर 29 फरवरी को होने वाले मतदान को निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडे ने अग्रिम तिथि तक स्थगन का आदेश जारी कर दिया। बर काउंसिल के आदेश में ईल्डर कमेटी के सदस्यों के चयन व वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच चुनाव अधिकारी के चयन का भी निर्देश शामिल है। अधिवक्ताओं ने आम सभा की बैठक में जल्द से जल्द बर काउंसिल द्वारा जारी सी ओ पी कार्ड धारको की मतदाता सूची में चुनाव कराने पर हुई चर्चा।

38 अधिवक्ताओं को मतदाता सूची से हटाने पर उपजे विवाद के चलते अधिवक्ताओं में हुई गुटबाजी आखिर उत्तर प्रदेश बर काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ के आदेश के बाद बुधवार को खत्म होती दिखी बर काउंसिल से आए आदेश पर चर्चा के लिए महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने आम सभा की बैठक अधिवक्ता सभागार में आहूत किया जिसकी अध्यक्षता ईल्डर कमेटी चेयरमैन विनोद तिवारी ने किया जिसमें बार काउंसिल से आए आदेश पर व्यापक चर्चा हुई जिस पर विद्वान अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल द्वारा में जारी सी ओ पी कार्ड धारकों की सूची आने पर बर काउंसिल के निर्देश अनुसार एक माह में चुनाव संपन्न करने पर आम सहमति बनाई जिस पर चेयरमैन विनोद तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बर काउंसिल हमारे शीर्ष संस्था है उसके आदेश के अनुपालन में एक माह के अंदर चुनाव संपन्न कराए जाएंगे इसके साथ ही आम सभा में बर काउंसिल द्वारा आदेश में ईल्डर कमेटी के चयन हुआ वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच चुनाव अधिकारी की नियुक्ति सहित विस्तार से चर्चा हुई जिस पर पहले जल्द से जल्द बर काउंसिल द्वारा वैध सी ओ पी कार्ड धारको की सूची मंगवाकर चुनाव को संपन्न करने के लिए आम सभा बुलाकर निर्णय करने पर चर्चा हुई आमसभा की बैठक के बाद अधिवक्ताओं की भावनाओं को देखते हुए वह बार काउंसिल के निर्देश का पालन का हवाला देते हुए 29 फरवरी को होने वाले मतदान को निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडे ने रोकने का अग्रिम तिथि तक का आदेश जारी कर दिया लंबे समय से अधिवक्ताओं में हुई गुटबाजी में आखिर बुधवार को समाप्त होती दिखी सभी अधिवक्ताओं में खुशी की लहर थी कि आपसी सहमति बन गई बैठक में पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने कहा कि जैसे ही बर काउंसिल से लिस्ट आती है जल्द से जल्द आम सभा बुलाकर आदेश के अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी और चुनाव संपन्न आपसी सहमत से कराया जाएगा बैठक में महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव अरविंद पांडे मनोज द्विवेदी सूरज बाजपेई विनय मिश्रा विपिन कुमार मिश्रा राममिलन कुशवाहा श्याम बाबू गुप्ता विवेक विंदू तिवारी लवकुश गुप्ता छोटेलाल अवस्थी राजेश सिंह मनीष गर्ग धीरेंद्र सिंह विश्वनाथ अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## डंफर ने बाइक सवार वृद्ध को कुचला, मौके पर मौत

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा, हमीरपुर। नगर से बाईक द्वारा वापस अपने गाँव लौट रहे वृद्ध को राजमार्ग में बेकाबू डंफर ने कुचल दिया जिससे वृद्ध की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वह घटनास्थल पर पहुंच परिजन रोते बिलखते रहे। घटना के बाद राजमार्ग में वाहनों के चक्के थम गए जिससे राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मकराव निवासी बलराम कुशवाहा 60 वर्ष पुत्र रामसेवक बुधवार की दोपहर मौदहा से अपना काम निपटाकर बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहा था तभी राजमार्ग में मौदहा व मकरांव के बीच पीछे से आ रहे बेकाबू डंफर उसकी बाइक में टक्कर मार उसे कुचलता हुआ निकल गया जिससे बलराम की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आरोपी डंफर चालक घटना से कुछ दूर अपना डंफर खड़ा कर मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी होने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया वह घटना स्थल पर पहुंच रोते बिलखते रहे। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई जिसके चलते राजमार्ग में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को सड़क से हटवा राजमार्ग में वाहनों का आवागमन शुरू कराया। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज तथा डंफर को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि मृतक बलराम कुशवाहा अपने पीछे पांच पुत्रियां व तीन पुत्रों समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है वह भूसे का व्यापार कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## युवकों ने नाबालिग के साथ रेप कर बनाया वीडियो

**पीड़ितों ने एसपी ने लगाई न्याय की गुहार**

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा। युवकों ने पड़ोस में रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग के घर में घुसकर रेप किया और इसके बाद वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। घर के जेवर उठा ले गए। बाद में लड़की को भी अगवा कर कर ले गए। जब पिता ने थाने में तहरीर दी तो लड़की को थाने लेकर आ गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय लड़की को डरा धमका कर समझौता कर दिया। उनके चंगुल से मुक्त होने के बाद लड़की ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना की जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मर्का थाने में पुलिस के मुखबिर के घर के पास ही मेरा घर है। 12 फरवरी को दोपहर में जब मेरी बेटी घर पर अकेली थी। तब पुलिस मुखबिर के नाती आकाश और विकास तथा गांव के ही दिलीप सिंह ने घर में घुसकर मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और अश्लील वीडियो बना लिया। इस वीडियो को लड़की को दिखाकर कहा कि अगर तुमने किसी से कुछ कहा तो इसे हम वायरल कर देंगे। इसके बाद इसी वीडियो को दिखाकर आरोपियों ने कई बार दुष्कर्म किया। बाद में घर के जेवर व नगदी भी उठा कर ले गए। जब लड़की ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो आरोपी युवक 18 फरवरी को लड़की को अगवा करके अपनी बुआ के घर ले गए और 2 दिन तक रखकर वहां भी दुष्कर्म किया। पिता ने बताया कि जब मैंने बेटी को अगवा करने की जानकारी देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तो घटना के दो दिन बाद आरोपी विकास मेरी बेटी को लेकर थाने आ गया। यहां पर महिला कांस्टेबल व दरोगा आदि ने मिलकर मेरी लड़की को डरा धमका कर मनमाफिक बयान दर्ज करके मामले को रफा-दफा कर दिया और आरोपी युवक को थाने से भगा दिया।

# डेनमार्क के समीक्षा दल ने जल जीवन मिशन योजना का किया निरीक्षण

**प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम की साथ की बैठक**

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा। आज भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के तहत डेनमार्क से सहायता प्राप्त यूनॉप्स के जल जीवन मिशन के अंतर्गत चिन्हित मॉडल विलेज के मिड-टर्म-रिव्यू के लिए एक समीक्षा दल का आगमन बड़ोखर खुर्द विकास खंड के बड़ोखर खुर्द गांव में हुआ। यहां पर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जल जीवन मिशन के सेक्टर पार्टनर द्वारा ग्राम कार्य योजना, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम पंचायत विकास योजना के बिंदुओं का निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में मुख्य समीक्षक क्लेस क्लेफोर्ट विदेश मंत्रालय डेनमार्क सरकार, डेनमार्क दूतावास से मिस गिनीसा स्ट्रेटजिक सेक्टर कोआपरेशन प्रोग्राम आफिसर ,निकोलाई जूनियर एसोसिएट पालिटिकल एंड इकानॉमिक रहे। आज भारत और डेनमार्क अपने साझेदारी के 75वां वर्ष मना रहे हैं ऐसे में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन में मुख्य सहयोगी एवं साझेदारी के रूप में डेनमार्क और भारत सरकार एक दूसरे के साथ मिलकर ऊर्जा क्षेत्र में तथा सामुदायिक विकास में मिलकर काम कर रही है। यूनॉप्स की तरफ से माधुरी शुक्ला कम्युनिकेशन एसोसिएट, तरनप्रीत कौर ,नेशनल को-आर्डिनेटर और चारु शुक्ला स्टेट कंसल्टेंट यूनॉप्स न्छव्च्ै रहे।

इससे पूर्व प्रातः जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ उक्त प्रतिनिधि मण्डल की हुई बैठक के क्रम में अपर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा एमपी सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मनोज श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण बांदा व यूनॉप्स के जिला सलाहकार आशीष कुमार सिंह ने भेंट की। समीक्षा टीम के साथ जिलाधिकारी महोदय की विस्तृत बातचीत में बांदा जनपद में भूगर्भ जल को संरक्षित करने के लिए जनपद के प्रयासों, अविरल जल अभियान, बांदा की बूंद बांदा के नाम और ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना इसकी उपयोगिता तथा सामुदायिक स्वीकार्यता के ऊपर गहन बातचीत हुई जिलाधिकारी महोदय द्वारा यूनॉप्स के कार्य पद्धति पर संतोष व्यक्त करते हुए अपनी परिधि बढ़ाने का आग्रह किया गया तो वही मुख्य समीक्षक क्लेस क्लेफोर्ट ने एक रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाने का सुझाव दिया।

टीम ने कलेक्ट्रेट बांदा स्थित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे कार्यालय में वाटर सप्लाई स्कीम का माडल देखा। इसके पश्चात बड़ोखर खुर्द गांव 650 किलो लीटर का जलाशय और 250 किलो लीटर पानी कि टंकी परिसर का निरीक्षण किया , गांव का ट्रांजेक्ट वाक करते हुए नल की टोटियों, सोख्ता गड्ढा, जूनियर हाईस्कूल में रुफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, खाद गड्ढे, नाडेप तथा जीपीडीपी के कार्यों का स्थलीय भ्रमण किया गया।

## सीएम ने किया साइबर थाने का वर्चुअल शुभारंभ




**हास्टल बैरक का का भी किया लोकार्पण**

**अमन लेखनी समाचार**

बांदा। बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बांदा में साइबर थाना का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया गया।वहीं इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा थाना बबेरु कस्बे में 40 पुलिसकर्मियों के लिए हास्टर, बैरक का भी लोकार्पण किया गया। शासन की मंशानुरुप साइबर अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही के क्रम में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ से वर्चुअल माध्य से 57 जनपदों में साइबर थानों का शुभारम्भ किया गया । इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बांदा में साइबर थाना का शुभारम्भ किया गया । पुलिस लाइन साइबर थाना में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र, नगरपालिका अध्यक्ष मालती बासू तथा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहे । इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा 30 पुरुष व 10 महिला पुलिसकर्मियों के लिए हास्टल, बैरक का लोकार्पण किया गया।

## अंगूठा लगवा कर भी कोटेदार नहीं देता राशन

**ग्रामीणों ने की तहसीलदार से कोटेदार की शिकायत**

**अमन लेखनी समाचार**

सरीला, हमीरपुर। तहसील सरीला के दांदौ ग्राम के कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों से घटतौली करने ,अंगूठा लगाकर राशन न देने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार सरीला से की गई है पूर्ति निरीक्षक सरीला ने कोटेदार से शिकायत पर स्पष्टीकरण मांगा है मौके पर राशन दुकान पर अनेको अवस्थाएं मिली कोटा पर कोई भी बैनर व कोई सूचना पट नहीं था वहीं पर उच्च प्राथमिक विद्यालय दांदौ के प्रधानाचार्य रविंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि हमेशा ही कोटेदार का यही रवैया रहता है जब भी जाते हैं राशन को मना करते रहते हैं सरकार भले ही गरीब जनता की कल्याण के लिए गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत निशुल्क राशन वितरण के लिए अनेकों दावे कर रही हो लेकिन कई कोटेदार द्वारा योजना की दुरुपयोग में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही किसी न किसी तरह घटतौली कर अंगूठा लगवा कर राशन न देने के मामले संज्ञान में आते रहते हैं ताजा मामला सरीला विकासखंड के ग्राम दांदौ का है जहां पर परशुराम सुजीत भगवान दास मुन्ना सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कोटेदार पर अंगूठा लगवा कर राशन न देने ,अभद्र व्यवहार करने, घटतौली करने संबंधी अनेक आरोपो की शिकायत तहसील सरीला पहुंचकर तहसीलदार सरीला से की है जिस पर पूर्ति निरीक्षक सरीला ने शिकायत के संबंध में कोटेदार से स्पष्टीकरण मांगा है पूर्ति निरीक्षक सरीला ने बताया कि दांदौ गांव के ग्रामीणों की शिकायत उनके संज्ञान में है जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अपराधियो पर कसा जायेगा शिकंजा: राजीव प्रताप

**नवागंतुक क्षेत्राधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार**

**अमन लेखनी समाचार**



अतर्रा/बांदा। अपराधियों पर शिकंजा पूरी तरह कसा जाएगा शासन की मनसा अनुसार कानून व्यवस्था को कस दुरुस्त रखा जाएगा फरियादियों की फरियाद प्राथमिकता के आधार पर सुनकर तत्काल निस्तारण किया जाएगा उक्त बातें नवागन्तुक क्षेत्रा अधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने कहीं।

काफी लंबे समय के बाद क्षेत्राधिकार जियाउद्दीन के स्थानांतरण के बाद आखिर राजीव प्रताप सिंह ने क्षेत्राधिकार अतर्रा की कमान संभाल ली बुधवार को उन्होंने रूबरू होते हुए कहा की अपराध पर पूरी तरह अंकुश रखा जाएगा शांति व्यवस्था को बिगाड़ना वाले किसी भी दशा में बक्से नहीं जाएंगे उन्होंने कहा कि फरियादियों की फरियाद प्राथमिकता के आधार पर सुनकर तत्काल न्याय देने का काम किया जाएगा साथ ही शासन की मनसा अनुसार लोगों को त्वरित न्याय देकर लाभ पहुंचाया जाएगा वहीं किसी भी प्रकार के अपराध में नियुक्त लोगों को किसी भी दशा में बक्सा नहीं जाएगा इसके साथ ही उन्होंने कस्बे में ओवरलोड सहित यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त दुरुस्त रखने की बात कही बताते चलेगी क्षेत्राधिकार जियाउद्दीन हसन के स्थानांतरण के बाद बबेरू क्षेत्र अधिकारी गावेन्द्र सिंह पाल ने कमान संभाल रखी थी दो-दो जगह के चार्ज होने के कारण वह अतर्रा में समय पूरी तरह नहीं दे पा रहे थे राजीव प्रताप सिंह के आने के बाद अब फरियादियों ने भी राहत की सांस ली बताते चलें कि श्री सिंह इसके पहले जीपी हेड क्वार्टर लखनऊ को लाइन ऑर्डर रहे हैं वहीं से यहां के लिए स्थानांतरण हुआ है बुधवार को क्षेत्राधिकार कार्यालय में उनकी उपस्थिति होने पर फरियादियों व न्याय की आस में खड़े लोगों में खुशी की लहर दिखाई दी क्षेत्राधिकार से सिंह ने दर्जनों लोगों की समस्याओं को सुना।

## कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के संबंध में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अराजक तत्वों व गुंडों पर निरंतर की जाए कार्रवाई प्रभारी मंत्री**

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जनता की समस्याओं का जमीनी स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो इस पर मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान है अतः जन समस्याओं का प्रभावी ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा विकास कार्य गांव गांव तक पहुंचे इसके लिए प्रभावी ढंग से कार्य किए जाएं। तहसील ,ब्लाक ,थाने स्तर पर ही समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए ।उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं उनका पूरी ऊर्जा के साथ एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें ।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा मा मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा के अनुसार अपने विभागीय कार्यों को सम्पादित किया जाए ।उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्य किया जाए। विकास कार्यों के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि दैवीय आपदा से खराब हुई फसलों का संबंधित किसानों को समय से क्लेम दिलाया जाए इसके अंतर्गत कोई भी पेंडेंसी नहीं रखी जाए। श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। पशु आश्रय स्थलों में चारा,पानी, भूसा की उपलब्धता रहे । इस मौके पर मंत्री ने विभिन्न बिंदुओं यथा स्वास्थ सुविधाओं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अन्ना गोवंश संरक्षण,मिशन कायाकल्प ,सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण एमुख्यमंत्री आवास योजना आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में अराजक तत्वों व गुंडों पर निरंतर कार्रवाई की जाए। जनपद में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। सड़को के किनारे झाड़ी आदि की सफाई कराने के निर्देश संबंधित को दिए। इस दौरान सांसद राज्य सभा सदस्य बाबू राम निषाद, , अध्यक्ष नगर पालिका हमीरपुर, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ गीतम सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी तथा पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाईक डिवाइडर से टकराई, चार की दर्दनाक मौत

**बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में हुआ हादसा**

**अमन लेखनी समाचा**

बांदा। एक ही बाइक में सवार एक ही परिवार के चार लोग बुधवार को सवेरे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में दुर्घटना का शिकार हो गए। उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक चला रहे युवक और उसके छोटे भाई की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि महिला और इसकी एक बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए ड्रामा सेंटर लाया गया। उपचार के दौरान मां व बच्ची की भी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ओरन कस्बा निवासी लाला भइया की पत्नी 37 वर्षीय सीमा को बेटा 20 वर्षीय रवि, अपने भाई छह वर्षीय बाबू, बहन आठ वर्षीय आरती को बाइक से लेकर लामा गांव में अपनी मौसी के यहां निमंत्रण में आया था। सभी लोग बाइक से घर लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक उसका बेटा चला रहा था। दुर्घटना में बाइक सवार 20 वर्षीय युवक और उसके 8 वर्षीय छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई। जबकि महिला और उसकी बेटी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में सीमा व बच्ची की भी मौत हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि ओरन थाना बिसंडा क्षेत्र की रहने वाली महिला अपनी बहन के घर लामा गांव आई थी। अपने गांव वापस जाते समय बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। जिससे बाइक चला रहे 20 वर्षीय युवक और 8 वर्षीय छोटे भाई की घटनास्थल पर मौत हो गई। बच्चों की मां और एक लगभग 12 साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। डाक्टर के मुताबिक बच्ची की हालत ज्यादा नाजुक है इसलिए उसे बचाना मुश्किल है, जबकि मां का इलाज चल रहा है लेकिन उपचार के दौरान मां बेटी की भी मौत हो गई। दुर्घटना बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 35 किलोमीटर के पास हुई। बाइक बांदा की तरफ से चित्रकूट की ओर जा रही थी।

## स्व0 पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को वितरण किये गए स्मार्ट फोन

**अमन लेखनी समाचा/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर |स्व0श्री पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय, गहरौली मुस्करा हमीरपुर मे उत्तरप्रदेश स्मार्टफोन टेबलेट योजना स्कीम स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत महाविद्यालय में विभिन्न कोर्सो मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं को स्मार्ट मोबाइल फोन वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि हमीरपुर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक मण्डल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया एवं जिला विस्तारक योगेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्रबन्धक संजय दीक्षित रहे ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रबन्धक संजय दीक्षित ने बताया कि यूपी स्मार्टफोन योजना का उद्देश्य प्रदेश के छात्रों को फ्री टेबलेट और स्मार्टफोन प्रदान कर छात्रों को आधुनिक शिक्षा में निपुण बनाकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसके अलावा यह टेबलेट/स्मार्टफोन आने वाले समय में छात्रों को नौकरी ढूंढने में भी सहायता प्रदान करेगा। अब छात्रों को टेबलेट या फिर स्मार्टफोन खरीदने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में सोचने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुफ्त में टैबलेट और स्मार्टफोन प्रदान किए जा रहे है जिससे छात्र सशक्त एवं आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे।

## नो इण्ट्री लगाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन



**अमन लेखनी समाचा/उमेश दीक्षित**

मौदहा, हमीरपुर। बीते कुछ दिनों से कस्बे में भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं में वृद्धि को रोकने के लिए कस्बे में नो इण्ट्री लगाने की मांग शुरू हो गई है। जिसको लेकर बुधवार को व्यापार मंडल के कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपा है। हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मण्डल के बुण्देलखण्ड प्रभारी डा.मुबीन खान के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों ने राज्यपाल को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है, जिसमें बीते कुछ समय से कस्बे में भारी वाहनों द्वारा होने वाली दुर्घटनाओं में लगातार बढोत्तरी हो रही है जिसे रोकने के लिए सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक कस्बे में भारी वाहनों का प्रवेश बंद करने की मांग की गई है इस दौरान अब्दुल गनी, गुफरान खान, भूपेंद्र कुमार, बाबू भाई, नरेश सोनी, मोहम्मद मेराज सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



# एकता के साथ स्पेशल बॉन्ड

**मुंबई।** एक्टर राजीव खंडेलवाल टीवी की दुनिया का जाना माना चेहरा रहे हैं। हालांकि उन्हें टेलीविजन से फिल्मों का रुख किए काफी समय हो चुका है। लेकिन वो एकता कपूर के सीरियल 'कहीं तो होगा' के सूजल कैरेक्टर से आज भी जाने जाते हैं। राजीव खुद भी मानते हैं कि एकता और उनका बॉन्ड काफी स्पेशल रहा है। उन्होंने साथ में कई हिट प्रोजेक्ट्स किए हैं, फिर दोनों में अक्सर झगड़ा हुआ करता था। इस बारे में राजीव ने बातचीत की। राजीव ने एकता के बारे में बात करते हुए कहा, वो बहुत अच्छी इंसान हैं। एकता और मैं लड़ते रहते हैं। दरअसल, हमने अपने लगभग हर प्रोजेक्ट पर लड़ाई की है और यही हमारे बीच की स्पेशल बात है। लेकिन, वो एक बहुत प्यारी इंसान और पूरी तरह से प्रोफेशनल हैं। हम एक-दूसरे के लिए किसी भी तरह का मलाल अपने दिल में नहीं रखते हैं। मुझे नहीं लगता कि पर्सनली वो कभी मुझसे नाराज रही होंगी।

## लाइफ Style



# अदा
## फिल्म के लिए जंगल में बिताया समय

एजेंसी ⏭ मुंबई

विपुल अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' के लिए एक्साइटमेंट तेज है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तिकड़ी ने पहले द केरल स्टोरी जैसी बेहतरीन फिल्म दी हैं। अब साथ में ये 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' लेकर आ रहे हैं, जिसके दोनों टीजरों ने पहले ही खूब सुर्खियां बनाई है और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

दर्शकों ने जहां निर्माताओं की एक और बोल्ड कहानी के लिए टीज़र की सराहना की, वहीं अदा शर्मा के लुक को भी लेकर चर्चा हुई। इस फिल्म के टीजर में अदा शर्मा आईपीएस नीरजा माधवन का किरदार निभाती नजर आ रही हैं और जिसके एक्ट्रेस ने जमकर मेहनत की है। सुनने में आया है कि किरदार में खुद को पूरी तरह से ढलने के लिए एक्ट्रेस अदा शर्मा को कड़ी ट्रेनिंग से लेनी पड़ी। नक्सलियों के टोन और बॉडी लैंग्वेज को समझने के लिए एक्ट्रेस को जंगलों में भी रहना पड़ा।

अदा ने फिल्म में अपने किरदार की तैयारी के लिए जमीनी लड़ाई की ट्रेनिंग ली थी। बैटल सीक्वेंस के लिए, उन्होंने बंदूकों और डिफेंसिव हथियारों का भी इस्तेमाल किया। इसके अलावा, अदा ने छत्तीसगढ़ में एक व्यापक ट्रेनिंग सेशल के लिए यात्रा की और इस दौरान उन्होंने अपने किरदार के लिए सही टोन पाने के लिए कुछ सलाहकारों से भी मुलाकात की। अदा की डेडिकेशन इस बात का साफ सबूत है कि विपुल अमृतलाल शाह और सुदीप्तो सेन फिल्म के हर पहलू को सही करने में विश्वास करते हैं। निर्माता किसी भी पहलू पर समझौता नहीं करते और उनका इरादा एक और रोंगटे खड़े कर देने वाली और रियल लाइफ बेस्ड त फिल्म पेश करना है।

## हॉलीवुड मसाला



# बेन के साथ दिखीं जेनिफर

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर जेनिफर लोपेज ज्यादातर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब तक अदाकारा का नाम कइयों से जुड़ चुका है। साल 2022 में अदाकारा ने अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड बेन अफ्लेक से शादी कर सभी को हैरान कर दिया था। हालांकि साल 2023 में दोनों के अलग होने की खबर भी थी। वहीं अब दोनों की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है, जिसमें ये एक्स कपल एक-दूसरे को लिप-लॉक करता नजर आ रहा है।



# फिल्म को प्रोपेगेंडा कहे जाने पर दिया जवाब

**मुंबई।** प्रियामणि स्टारर फिल्म 'आर्टिकल 370' थिएटर्स में जनता का दिल जीत रही है। पॉलिटिकल स्वभाव वाली फिल्मों पर हमेशा एक तरह का रिएक्शन जरूर आता है कि ये 'प्रोपेगेंडा' है। अब फिल्म की एक्ट्रेस प्रियामणि ने फिल्म को 'प्रोपेगेंडा' कहे जाने पर बात की है। प्रियामणि ने 'आर्टिकल 370' बनाने के पीछे मेकर्स का इरादा बताया। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग कहेंगे कि 'इससे अवेयरनेस फैल रही है। लोगों को ये कहानियां पता चलनी चाहिए। एक तबका हमेशा रहेगा, जो कहेगा कि 'ये पूरी तरह प्रोपेगेंडा है। मेरे हिसाब से हम लोगों को ये बताना चाहते थे कि सुनिए इतिहास में ऐसा कुछ भी हुआ है और बहुत लोगों को इसके बारे में पता नहीं है। प्रियामणि ने कहा, 'मुझे यकीन है कि लोगों को इसके बारे में पता भी रहा होगा।



# किराए के मकान में रह रहे प्रभास

**मुंबई।** प्रभास अपने अगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर लगातार बिजी चल रहे हैं। इस बीच एक्टर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। प्रभास इस बार अपने नए घर को लेकर फैंस का ध्यान खींच रहे हैं, जो उन्होंने किराए पर लिया है। एक्टर को लेकर खबर आ रही है कि वो कुछ दिनों के लिए लंदन में शिफ्ट हो गए हैं। प्रभास ने यूके की राजधानी में एक लग्जरी प्रॉपर्टी रेंट पर ली है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास ने कुछ दिन आराम करने का फैसला लिया है। एक्टर ने बीते साल नवंबर में घुटनों की सर्जरी करवाई थी। ऐसे में उन्होंने खुद की सेहत पर ध्यान देने के लिए लंदन में एक प्रॉपर्टी किराए पर ली है, जिसका रेंट प्रति माह 60 लाख रुपए है। प्रभास की दो बड़ी फिल्में पाइपलाइन में है। इनमें से एक है 'कल्कि 2898 एडी' और दूसरी का नाम है द राजा साब।



# एक्टर रियान ऑस्कर अवॉर्ड में जमाएंगे रंग

**लॉस एंजेलिस।** हर साल की तरह इस साल भी 96वें पुरस्कार ऑस्कर अवार्ड का आयोजन होने जा रहा है, जिसे 10 मार्च को हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। आए दिन ऑस्कर अवार्ड को लेकर नए नए अपडेट सामने आ रहे हैं। वहीं फिल्म बार्बी के एक्टर रियान गॉसलिंग को लेकर बड़ा अपडेट आया है। 10 मार्च को होने वाली ऑस्कर नाइट में बार्बी एक्टर रियान गॉसलिंग परफॉर्म करने वाले हैं। रियान अपनी हिट फिल्म बार्बी के सॉन्ग 'आई एम जस्ट केन' पर परफॉर्म करेंगे। बता दें, इस गाने को ऑस्कर में बेस्ट सॉन्ग कैटेगरी में नॉमिनेशन भी मिला है। इससे पहले एक्टर ने कहा, मुझसे ऐसा करवाना बहुत जोखिम भरा हो सकता है। मुझे नहीं पता कि यह कैसे काम करेगा, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। बता दें, आई एम जस्ट केन के साथ, बिली इलिश और फिनीस की 'व्हाट वाज़ आई मेड फॉर?' को भी ऑस्कर श्रेणी में नामांकित किया गया है।

# एलएसडी 2 में नजर आएंगे तुषार

**मुंबई।** एकता कपूर और दिबाकर बनर्जी की आगामी फिल्म एलएसडी 2 अपनी घोषणा के समय से ही सुर्खियों में बनी हुई है। इस मूवी के पहले पार्ट को दर्शकों से काफी प्यार मिला था और अब निर्माता इसके सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया था। पोस्टर को लोगों ने काफी पसंद किया। फिल्म के जबरदस्त क्रेज के बीच अब ऐसी खबरें आ रही है कि एलएसडी 2 में अभिनेता तुषार कपूर एक महत्वपूर्ण और अलग कैमियो करते हुए नजर आ सकते हैं। एक खबर के अनुसार, फिल्म की टीम के एक करीबी सूत्र ने शेयर किया है कि अभिनेता तुषार कपूर, एकता कपूर की अगली फिल्म एलएसडी 2 में एक महत्वपूर्ण कैमियो निभाते नजर



आ सकते हैं। इससे पहले एकता और तुषार ने 'क्या कूल हैं हम', 'शूटआउट एट वडाला', और 'द डर्टी पिक्चर' जैसी फिल्मों में साथ देखा है। ये फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एक बार फिर दिखेगी प्रियंका और अंकित की जोड़ी

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 16 में नजर आ चुके प्रियंका चाहर चौधरी और अंकित गुप्ता की जोड़ी को फैंस ने भरपूर प्यार दिया था। हालांकि शो से निकलने के बाद दोनों कई मौकों पर साथ देखा गया। इस जोड़ी के फैंस इन्हें पर्दे पर एक बार फिर से साथ देखने के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में अब लग रहा है कि ये जोड़ी अपने फैंस की ये ख्वाहिश जल्द पूरा करने जा रही है। खबर है कि प्रियंका और अंकित जल्द एक साथ पर्दे पर नजर आने वाले हैं। खबर के मुताबिक, यह जोड़ी जल्द ही एक बार फिर स्क्रीन पर साथ नजर आएगी। हाल ही में उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया और फिलहाल वे चंडीगढ़ में एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस स्टार कपल की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

बिग बॉस 16 में दोनों के रिलेशनशिप को लेकर कई तरह की खबरे सामने आई थी। कहा गया था कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन उन दिनों इस कपल ने हमेशा एक-दूसरे को अपना अच्छा दोस्त बताया था। एक इंटरव्यू में प्रियंका ने अपने और अंकित के रिश्ते पर कहा था कि, यह रिश्ता बिल्कुल एक प्यारी सी दोस्ती कहलाता है। मैं ईमानदारी से बताऊं तो वह मेरा बहुत अच्छा दोस्त है।



# कास्टिंग असिस्टेंट से एक्ट्रेस बनी थीं भूमि

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर बॉलीवुड के वर्साटाइल एक्ट्रेसेस में से एक हैं। आज से नौ साल पहले उन्होंने बतौर एक्ट्रेस डेब्यू किया था। 'दम लगा के हईशा' से पहले भूमि 6 सालों तक यशराज फिल्म्स में बतौर कास्टिंग डायरेक्टर कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने 'दम लगा के हईशा' के लिए ऑडिशन दिया और सिलेक्ट भी हो गईं। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था। 'दम लगा के हईशा' की एक क्लिप शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, मैं हर दिन जागने और वह करने में काबिल होने के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो मुझे बहुत पसंद है। भूमि लिखती हैं, मैं हमेशा से एक एक्ट्रेस बनना चाहती थी। मैंने इसे एक बच्चे के तौर पर जाहिर किया। मुझे यकीन था कि यह मेरे साथ होने वाला है और मैं यहां हूं। मेरे रास्ते में आने वाला हर मौका मुझे मेरे सपने के एक कदम और करीब ले गया। दम लगा के हईशा में कास्टिंग असिस्टेंट के तौर पर मेरी पहली नौकरी से लेकर फैन तक यह बहुत सैटिस्फाइंग रहा।



# आयशा की चमकी किस्मत, साउथ सुपरस्टार के साथ मिली फिल्म



**मुंबई।** बिग बॉस 17 में रहते हुए आयशा खान अपने खेल के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। हाल ही में खबर आ रही है कि वह जल्द ही साउथ सुपरस्टार दुलकर सलमान के साथ एक तेलुगु फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर से तो यही कहा जा सकता है कि आयशा खान की किस्मत के सितारे इन दिनों खूब चमक रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आयशा साउथ सुपरस्टार दुलकर सलमान की फिल्म 'लकी भास्कर' में अहम भूमिका निभा सकती हैं। वह फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस के तौर पर नजर आएंगी। इस बात की पुष्टि खुद एक्ट्रेस ने भी की है। इस संबंध में बात करते हुए आयशा ने कहा कि वह फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। इस बारे में बात करते हुए आयशा ने कहा, मैं दक्षिण भारतीय लोगों से मिले प्यार के लिए आभारी हूं और यह मेरे जीवन में हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा।

# मुधबाला की एक हरकत के कारण रूक गई थी मुगले आजम के एक सीन की शूटिंग

### अदाकारा की वजह से खतरे में थी मेकर्स की मोटी रकम

एजेंसी ⏭ मुंबई

पुराने दौर की सबसे खूबसूरत और शानदार अदाकारा के बारे में जिक्र किया जाए तो सबसे पहले जहन में मधुबाला का नाम आता है। बेशक आज वह हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्सों की चर्चा खत्म होने का नाम नहीं लेती। अपने 3 दशक के फिल्मी करियर के दौरान उन्होंने 'काला पानी, तराना और अमर' जैसी कई मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

हालांकि डायरेक्टर के.आसिफ के निर्देशन में बनी मुगल-ए-आजम फिल्म मधुबाला के करियर की सबसे शानदार फिल्मों में से एक मानी जाती है। लेकिन क्या आपको मालूम है फिल्म के एक सीन की शूटिंग मधुबाला की वजह से करीब 7 दिनों तक रुकी रही थी।



**एक गाने पर खर्च हुए थे लाखों**

दिलीप कुमार और मधुबाला की ये फिल्म हिंदी सिनेमा के मोटे बजट की फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। लेकिन क्या आपको ये जानकारी है कि मुगल ए आजम के आइकॉनिक सॉन्ग 'प्यार किया तो डरना क्या है' पर मूवी के बजट से ज्यादा पैसा खर्च किया गया था। बताया जाता है कि मधुबाला पर फिल्माए गए इस गाने पर के.आसिफ ने करीब 10 लाख रुपए खर्च किए थे, जो उस जमाने के आधार पर काफी मोटी रकम मानी जाती है।

मुगल ए आजम के निर्देशक कमरुद्दीन आसिफ इस फिल्म को बनाने में कोई असर नहीं छोड़ी थी। मूवी की स्टार कास्ट, कहानी, सेट और शूटिंग को लेकर उन्होंने कड़ी मेहनत की। के.आसिफ मूवी के एक-एक सीन को लेकर काफी सीरियस थे। फिल्म के एक सीन की शूटिंग को करीब एक हफ्ते तक बीच में रुकी रही।दरअसल बात साल 1946 की थी, जब मुगल ए आजम की शूटिंग चल रही थी। उस दौरान मेकर्स एक सीन फिल्मा रहे थे, जिसमें मधुबाला, पृथ्वीराज कपूर, दिलीप कुमार और दुर्गा खोटे शामिल थीं। सीन के हिसाब से अकबर (पृथ्वीराज कपूर) को अपनी पत्नी जोधाबाई (दुर्गा खोटे) को अपने बेटे सलीम (दिलीप कुमार) और दरबार की कनीज अनारकली (मधुबाला) के सामने डांटना था। लेकिन दिक्कत तब खड़ी हुई, जब शूटिंग के दौरान मधुबाला बार बार हंस दे रही थीं, क्योंकि सीन की डिमांड के अनुसार उन्हें अपने चेहरे पर गंभीर हाव-भाव रखने थे, पर उनके बार-बार हंसने से ये सीन शूट नहीं हो पाया और एक हफ्ते तक मुगल ए आजम की शूटिंग टाल दी गई। बाद में जाकर ये सीन पूरा हो सका।